Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

नये भारत की नई सोच

RNI NO. UPHIN/2018/76874

वर्ष: 6 अंक: 23 | गुरुवार, 23 जनवरी -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## केजरीवाल और भगवंत मान की बढ़ी मुसीबत, 100 करोड़ रुपए की मानहानि का मुकदमा दायर,



**नई दिल्ली।**

वर्मा ने कहा कि अगर वह केस जीत जाते हैं, तो वह इस पैसे का इस्तेमाल अपने नई दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए करने की योजना बना रहे हैं, जहां से वह केजरीवाल के खिलाफ 5 फरवरी का विधानसभा चुनाव लड़ रहे हैं।

भाजपा सांसद प्रवेश वर्मा ने आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान पर उनके खिलाफ झूठे आरोप लगाने का आरोप लगाते हुए 100 करोड़ रुपये का मानहानि का मुकदमा दायर किया है। वर्मा ने कहा कि अगर वह केस जीत जाते हैं, तो वह इस पैसे का इस्तेमाल अपने नई दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए करने की योजना बना रहे हैं, जहां से वह केजरीवाल के खिलाफ 5 फरवरी का विधानसभा चुनाव लड़ रहे हैं। केजरीवाल के इस आरोप पर कि वर्मा ने पंजाबियों को देश के लिए खतरा बताया है, भाजपा नेता ने कहा, ₹मुझे यह बताने की जरूरत नहीं है कि मैंने और मेरे परिवार ने सिख समुदाय के लिए क्या किया है।₹ वर्मा ने आरोप लगाया कि आम आदमी पार्टी (आप) के लिए प्रचार करने के लिए हाल के दिनों में पंजाब से हजारों कारें, जिनमें आप के मंत्री, विधायक और यहां तक ??कि उनके मुख्यमंत्री मान भी शामिल हैं,

प्रवेश वर्मा ने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री, पंजाब के सभी मंत्री और विधायक केवल नई दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र के लिए यहां आए हैं। पंजाब नंबर की हजारों गाड़ियां यहां घूम रही हैं – उन गाड़ियों में कौन हैं? गणतंत्र दिवस की तैयारियां चल रही हैं, वो लोग कौन सा बड़ा काम करने जा रहे हैं जिससे हमारी सुरक्षा से समझौता हो जाएगा? भाजपा नेता ने कहा कि पंजाब के सरकारी कर्मचारियों द्वारा यहां चीनी सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं। कॉलोनी इंडिया गेट के नजदीक होने के कारण कुछ लोगों ने पुलिस से शिकायत की। जब वे पकड़े गए – तो उन्होंने कहा कि अअढ ने उन्हें सीसीटीवी लगाने के लिए भेजा था।

## अब घर बैठे मंगा सकेंगे महाकुंभ का प्रसाद, OXNXDYC ने शुरू की नई पहल



**नई दिल्ली।** ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (डठऊउ) के जरिए अब देश के किसी भी कोने में मौजूद श्रद्धालु महाकुंभ का प्रसाद प्राप्त कर सकते हैं। ये अपने आप में एक नई तरह की पहल है। सेलर नेटवर्क 'वायु' के जरिए प्रयागराज के बड़े हनुमान जी मंदिर और अयोध्या के राम मंदिर मका प्रसाद देश के कोने-कोने में भेजा जाएगा। श्रद्धालु पेटीएम, स्नैपडील, ईजीपे, डिजिहाट, माई स्टोर और रूबरू प्लेटफॉर्म के जरिए ऑर्डर प्लेस कर सकते हैं।

राम मंदिर का प्रसाद 'अयोध्या हलवाई कल्याण समिति' द्वारा अयोध्या धाम में ही बनाया जाता है। इसके लिए शुद्ध बेसन और घी का इस्तेमाल किया जाता है। प्रयागराज का प्रसाद बड़े हनुमान जी मंदिर से सटे त्रिवेणी संगम के पास स्थित एक प्रोड्यूसर से प्राप्त किया जाता है, जो शुद्ध घी और बेसन से बनता है। प्रसाद की डिलीवरी पूरे भारत में की जाती है। इसके लिए कई लॉजिस्टिक पार्टनर से डील की गई है। डिलीवरी 7 दिनों के भीतर पूरी करने का लक्ष्य रखा गया है। ये सर्विस 13 जनवरी से शुरू हुई है और महाकुंभ के बाद भी जारी रहेगी। इस कोशिश से मंदिर का प्रसाद सीधे लोगों के घर तक पहुंच सकेगा। इसका सबसे अधिक फायदा उन लोगों को होगा, जो किसी कारणवश महाकुंभ में नहीं पहुंच सकते हैं। यह डिजिटल कॉमर्स इकोसिस्टम में आध्यात्म को शामिल करने की एक अच्छी कोशिश है। महाकुंभ लाखों भारतीयों के लिए एक अत्यंत महत्वपूर्ण आध्यात्मिक अवसर है।

## जलगांव में बड़ा ट्रेन हादसा

# आग की खबर से पुष्पक एक्सप्रेस से उतरे यात्री, ट्रेन की चपेट में आने से 12 की मौत

**महाराष्ट्र।**

दुख की बात है कि कुछ यात्री बगल के रेलवे ट्रैक पर उतर गए, जहां वे उसी समय गुजर रही कर्नाटक एक्सप्रेस की चपेट में आ गए। इस घटना में कई लोग हताहत हुए हैं, जिससे स्टेशन पर शोक और सदमे की स्थिति है।

जलगांव के पचोरा रेलवे स्टेशन पर एक चौंकाने वाली घटना में, पुष्पक एक्सप्रेस में आग लगने की अफवाह के बाद अफरा-तफरी मच गई। घबराए यात्री अपनी जान के डर से चलती ट्रेन से कूदने लगे। दुख की बात है कि कुछ यात्री बगल के रेलवे ट्रैक पर उतर गए, जहां वे उसी समय गुजर रही कर्नाटक एक्सप्रेस की चपेट में आ गए। इस घटना में कई लोग हताहत हुए हैं, जिससे स्टेशन पर शोक और सदमे की स्थिति है। बताया जा रहा है कि अब तक 11 लोगों की मृत्यु हुई है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुष्पक ट्रेन हादसे पर दुख जताया है। उन्होंने घायलों के लिए पर्याप्त चिकित्सा उपचार का आदेश दिया है, साथ ही यात्रियों के निधन पर शोक व्यक्त किया है। नासिक के संभागीय आयुक्त प्रवीण गेदाम ने बताया कि पुष्पक एक्सप्रेस के यात्री ट्रैक पर थे जब कर्नाटक एक्सप्रेस बगल के ट्रैक से गुजर रही थी तभी वे दुर्घटनाग्रस्त हो गए। हम मौके पर हैं। एडिशनल एसपी, एसपी, कलेक्टर और हर कोई अपने रास्ते पर है। हम डीआरएम और रेलवे अधिकारियों के साथ समन्वय कर रहे हैं। अंतिम उपलब्ध जानकारी के अनुसार 8 एम्बुलेंस घटनास्थल पर पहुंचीं, रेलवे की अतिरिक्त बचाव वैन और रेलवे एम्बुलेंस को घटनास्थल पर भेजा जा रहा है। अधिक जानकारी की प्रतीक्षा है। आखिरी रिपोर्ट के मुताबिक 8 लोगों की मौत हो गई है। संख्या बढ़ सकती है। प्रशासन हरसंभव मदद कर रहा है। अधिकारी आपातकालीन सहायता प्रदान करने और घटना की जांच करने के लिए घटनास्थल पर पहुंचे। हताहतों की संख्या की पुष्टि करने और इसमें शामिल लोगों की पहचान करने के प्रयास जारी हैं।



अधिकारी झूठे फायर अलार्म के स्रोत की भी जांच कर रहे हैं और भविष्य में इसी तरह की घटनाओं को रोकने के लिए उपाय सुनिश्चित कर रहे हैं। हालांकि जलगांव के जिला कलेक्टर ने कहा कि आग लगने की अफवाह की अभी पुष्टि नहीं हो सकी है। उन्होंने कहा कि तीन अस्पतालों को सक्रिय कर दिया गया है और सभी आवश्यक उपाय किये जा रहे हैं।

## यूपी में हो रही झमाझम बारिश, दिल्ली में भी बदला मौसम

**नई दिल्ली।**

उत्तर भारत में दिन में मौसम काफी गर्म था, वही आज उत्तर प्रदेश में सुबह से बारिश होने लगी है। दिल्ली-एनसीआर का भी मौसम बदल गया है। वहीं मौसम विभाग ने 23 जनवरी को लेकर अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने 23 जनवरी को दिल्ली और यूपी में सुबह से ही बारिश हो होने की संभावना जताई थी और इसी के साथ ठंड फिर से बढ़ सकती है। साथ ही पंजाब हरियाणा में कोहरा होने की संभावना जताई है। मौसम विभाग के मुताबिक, 23 जनवरी को हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश में छिटपुट बर्फबारी और बारिश की संभावना है, जबकि उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल, असम, उत्तर प्रदेश और निकोबार द्वीप समूह में छिटपुट बारिश की संभावना है।



साथ ही पूर्वी भारत के अलग-अलग इलाकों में घने से बहुत घने कोहरे का अनुमान है, उत्तरी, मध्य और पूर्वोत्तर भारत के अलग-अलग हिस्सों में रात और सुबह के समय घना कोहरा छाए रहने की संभावना है। चल रहे पश्चिमी विक्षोभ के बुधवार को पश्चिमी हिमालय क्षेत्र को प्रभावित करने की उम्मीद है, गुरुवार तक स्थितियां कमजोर होने की संभावना है। इस दौरान दिल्ली में कुछ वर्षा हो सकती है। इस बीच, पूर्वोत्तर भारत में एक मौसम प्रणाली गुरुवार से सक्रिय होने का अनुमान है, लेकिन रविवार तक इसके कमजोर होने की उम्मीद है। बुधवार और गुरुवार को पूरे पूर्वोत्तर भारत में अधिकतम तापमान सामान्य से ऊपर रहने की संभावना है। बुधवार रात को दिल्ली, एनसीआर और पूर्वोत्तर भारत में और गुरुवार रात को मध्य, पूर्वी और पूर्वोत्तर भारत में न्यूनतम तापमान सामान्य से ऊपर रहने की उम्मीद है। जनवरी में आए ऐतिहासिक बर्फीले तूफान ने अमेरिका की खाड़ी के तटीय इलाकों में बुधवार को बर्फ की मोटी परत बिछा दी और जनजीवन को ठप कर दिया। ह्यूस्टन और न्यू आर्लियंस में बीते दो दिनों से सब कुछ बंद कर देने वाले इस तूफान ने फ्लोरिडा पैनहैंडल के कुछ स्थानों पर शिकागो जैसी बर्फ जमा दी।

## हिरासत केंद्र पर असम सरकार को फटकार

**नई दिल्ली।**

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को हलफनामे को दोषपूर्ण बताते हुए असम सरकार को फटकार लगाई और मुख्य सचिव को तलब किया है। असम सरकार ने अपने हलफनामे में माटिया हिरासत केंद्र में 270 विदेशियों को बंद रखने का कारण नहीं बताया था।

जस्टिस अभय एस ओका और एन कोटिस्वर सिंह की पीठ ने असम के मुख्य सचिव को तलब करते हुए अगली सुनवाई की तारीख को वीडियो कांफ्रेंसिंग में मौजूद रहने का निर्देश देते हुए विस्तृत स्पष्टीकरण देने के लिए कहा। पीठ ने कहा कि बीते नौ दिसंबर को असम सरकार को हलफनामा दाखिल करने के लिए छह सप्ताह का समय दिया गया था और यह उम्मीद की गई थी कि इसमें 270 विदेशी नागरिकों को हिरासत केंद्र में रखे जाने का कारण दिए जाने के साथ इन्हें वापस उनके देश भेजने के लिए उठाए गए कदमों की जानकारी दी जाएगी। यह अदालत के आदेश का पूरी तरह से उल्लंघन है।



## अगले महीने अमेरिका में हो सकती है पीएम मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप की मुलाकात

**नई दिल्ली।**

डोनाल्ड ट्रंप ने अपने पिछले कार्यकाल के दौरान फरवरी 2020 में भारत का दौरा किया था। तब उन्होंने मोदी के राजनीतिक गृहनगर अहमदाबाद के क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की थी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जल्द मुलाकात हो सकती है। सूत्रों के मुताबिक भारतीय और अमेरिकी राजनयिक फरवरी में वॉशिंगटन में पीएम मोदी और डोनाल्ड ट्रंप के बीच एक बैठक आयोजित करने का प्रयास कर रहे हैं। अगर यह बैठक होती है तो पीएम मोदी और ट्रंप व्यापार और श्रमिक वीजा पर चर्चा कर सकते हैं। ट्रंप के व्हाइट हाउस में लौटने से नई दिल्ली में अधिकारियों के बीच भारत पर टैरिफ लगाए जाने को लेकर चिंता बढ़ गई है। ट्रंप ने भारत को उन देशों में से एक बताया है, जो अमेरिकी उत्पादों पर उच्च टैरिफ लगाते हैं। उन्होंने संकेत दिया है कि वह भी टैरिफ लगाने के पक्ष में हैं।



## ईडन गार्डंस पर भारतीय टीम की टी20 में लगातार सातवीं जीत



**नई दिल्ली।**

इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 132 रन बनाए थे, लेकिन अभिषेक ने 34 गेंदों पर पांच चौकों और आठ छक्कों की मदद से 79 रन बनाए जिसके दम पर भारत ने 12.5 ओवर में तीन विकेट पर 133 रन बनाकर मैच जीता। सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा की तूफानी पारी के दम पर भारत ने इंग्लैंड को पहले टी20 मैच में सात विकेट से हराकर पांच मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 132 रन बनाए थे, लेकिन अभिषेक ने 34 गेंदों पर पांच चौकों और आठ छक्कों की मदद से 79 रन बनाए जिसके दम पर भारत ने 12.5 ओवर में तीन विकेट पर 133 रन बनाकर मैच जीता। इंग्लैंड की ओर से तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने दो विकेट और आदिल राशिद ने एक विकेट लिया। कोलकाता के ईडन गार्डंस में भारत की यह लगातार सातवीं टी20 अंतरराष्ट्रीय में जीत है। इसी के साथ टीम इंडिया ने पाकिस्तान की बराबरी कर ली है। दरअसल, पाकिस्तान ने 2008-21 के बीच में कराची के मैदान पर कुल सात मुकाबले जीते। इस मामले में शीर्ष पर इंग्लैंड की टीम है। इस टीम ने 2010-21 के बीच में कार्डिफ में लगातार आठ मुकाबले अपने नाम किए।

नगर पालिका किच्छा और नरेंद्रनगर इस चुनाव में शामिल नहीं है।

# प्रदेश के 100 नगर निकायों में मतदान आज

**देहरादून।** आयोग ने 16,284 कर्मचारी, 25,800 पुलिसकर्मी चुनाव में लगाए हैं। करीब 30 लाख 29 हजार मतदाता मतदान करेंगे। नगर पालिका किच्छा और नरेंद्रनगर इस चुनाव में शामिल नहीं है। उत्तराखंड के 100 नगर निकायों में आज बृहस्पतिवार को चुनाव होगा। 5,405 प्रत्याशियों का भाग्य मतपेटियों में कैद हो जाएगा। शनिवार 25 जनवरी को मतगणना होगी। राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से सभी निकायों में आईएएस और पीसीएस अफसरों को बतौर पर्यवेक्षक तैनात किया गया है। आयोग कार्यालय में कंट्रोल रूम स्थापित कर दिया गया है। आयोग ने 16,284 कर्मचारी, 25,800 पुलिसकर्मी चुनाव में लगाए हैं। करीब 30 लाख 29 हजार मतदाता मतदान करेंगे। नगर पालिका किच्छा और नरेंद्रनगर इस चुनाव में शामिल नहीं है। 11 नगर निगमों में मेयर के लिए 72 प्रत्याशी मैदान में हैं जबकि 89 नगर पालिका, नगर पंचायतों में अध्यक्ष के 445 प्रत्याशी हैं। सभी निगम, पालिका, पंचायतों में वार्ड सदस्य/पार्षद के कुल 4,888 प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। पिछले निकाय चुनावों में लगातार मतदान प्रतिशत बढ़ता जा रहा है। इस बार राज्य निर्वाचन आयोग ने मतदान प्रतिशत और बढ़ाने पर जोर दिया है। 2008 में राज्य में 60 प्रतिशत, 2013 में 61 प्रतिशत और 2018 में 69.79 प्रतिशत मतदान हुआ था।



## संपादक की कलम से

### ट्रंप का टशन



ललित शर्मा
संपादक

यूं भी अमेरिका की सारी नीतियां अमेरिका से शुरू होकर अमेरिका पर ही समाप्त हो जाती हैं। लेकिन जब ट्रंप जैसा अप्रत्याशित व अमेरिका फर्स्ट का जयकारा लगाने वाला राष्ट्रपति सत्तासीन हो, तो दुनिया सांसत में ही रहेगी। शपथ ग्रहण के बाद जिस तरह असहज करने वाले कार्यकारी आदेश जारी किए गए, ये उसी की आहट है। लगता है अमेरिका के लिये स्वर्णयुग लाने का दावा करने वाले ट्रंप को लोकतांत्रिक मूल्यों, दुनिया की सेहत और वैश्विक पर्यावरण संरक्षण से कोई सरोकार नहीं है। विश्व स्वास्थ्य संगठन को दी जाने वाली बड़ी अमेरिकी मदद से हाथ पीछे खींचकर उन्होंने अपने मंसूबे जताए हैं। विश्व को ग्लोबल वार्मिंग के प्रभावों से बचाने के लिए प्रतिबद्ध पेरिस जलवायु समझौते से भी किनारा कर उन्होंने अपने इरादे जाहिर किए हैं। यह जानते हुए भी कि बीता साल दुनिया में अब तक का सबसे गर्म साल रहा था। यहां तक कि इन प्रभावों से पिछले दिनों लॉस एंजिल्स की भयावह आग ने अमेरिका के दरवाजे पर पिछले दिनों दस्तक दी है। वहीं दूसरी ओर तमाम आर्थिक मुश्किलों से जूझते व बेहतर भविष्य की तलाश में अमेरिका का रुख करने वाले प्रवासी उनके लिये दुश्मन नंबर वन हैं। जिनको रोकने के लिये अमेरिका की मैक्सिको सीमा पर आपातकाल की घोषणा कर दी गई है। मैक्सिको की सीमा पर दीवार बनाना उनका महत्वाकांक्षी लक्ष्य है। वे लाखों अवैध प्रवासियों को अमेरिका से खदेड़ने की बात बार–बार कहते हैं। वहीं अमेरिका फर्स्ट की नीति के चलते वे चीन समेत अन्य विकासशील देशों पर अंधाधुंध टैरिफ लगाकर मुनाफे का पलड़ा अमेरिका के पक्ष में झुकाने पर अड़े हैं। यहां तक कि उन्होंने ब्रिक्स देशों को चेताया है कि यदि डॉलर के मुकाबले वैकल्पिक मुद्रा चलन में लाने का प्रयास किया गया तो वे भारत,रूस व चीन आदि पर सौ फीसदी टैरिफ लगाएंगे। विशेष रूप से चीन उनके निशाने पर है, जो अमेरिका के नंबर एक दावे को चुनौती देने की क्षमता रखता है। दुनिया के तमाम देशों को उनके बड़बोले बयानों के मद्देनजर मुश्किल समय हेतु तैयार रहना चाहिए। दरअसल, केवल विकासशील व तीसरी दुनिया के देश ही नहीं, बल्कि ग्रीनलैंड पर कब्जे की मंशा के बयानों को लेकर यूरोपीय देशों में ट्रंप को लेकर खासी नाराजगी नजर आ रही है। पनामा नहर का प्रबंधन हासिल करने के बयानों पर भी तल्ख प्रतिक्रिया सामने आई है। कभी वे कनाडा को अमेरिका में शामिल करने के दावे करते हैं। आते ही कनाडा पर टैरिफ बढ़ाकर उन्होंने अपने मंसूबे जाहिर किए हैं। पिछले कुछ वर्षों में महामारी के प्रभावों से उबरते हुए तमाम बीमारियों से जूझते विश्व को ट्रंप ने बड़ा झटका दिया है। मानवता के कल्याण को समर्पित डब्ल्यूएचओ की आर्थिक मदद बंद करने से विकासशील व गरीब मुल्कों का स्वास्थ्य तंत्र अब भगवान भरोसे रह जाएगा। यदि विश्व में फिर किसी महामारी की दस्तक होती है तो पूरी दुनिया में स्थितियां गंभीर होंगी।

# रेबड़ियों पर केंद्रित होता दिल्ली विधानसभा चुनाव




देश की राजधानी दिल्ली में चुनावी घमासान के बीच रेबड़ी बांटने की प्रतिस्पर्धा सी चलती दिखाई दे रही है। इससे ऐसा लगता है कि अब दिल्ली राज्य की सत्ता तक पहुँचने का मार्ग केवल रेबड़ी ही है। दिल्ली राज्य के लिए होने वाले चुनाव के लिए सभी राजनीतिक दल मतदाताओं के लिए लोक लुभावन तरीके से अपने पिटारे से रेबड़ी बांटने की योजना जनता के बीच बता रहे हैं। इसके लिए आम आदमी पार्टी तो पहले से ही अपने पिटारे को खोलकर बैठी है। अब इसमें कांग्रेस और भाजपा भी अपने कदमों को उसी ओर बढ़ाने की ओर प्रवृत हुई है, जिस ओर आदमी पार्टी जाती रही है। लेकिन एक तथ्य ध्यान देने योग्य माना जा सकता है कि आम आदमी पार्टी के पास कुछ भी नया नहीं है, क्योंकि वह पिछले चार विधानसभा चुनावों से इस राह पर चल रही है। मुफ्त में देने के वादे करना एक प्रकार से आम आदमी पार्टी की फितरत ही बन गई है। इससे अलग अपेक्षा भी नहीं की जा सकती, क्योंकि यह मार्ग उसके लिए लाभकारी साबित रहा है। इसलिए आम आदमी पार्टी के नेता और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल इस बार यह पूरा विश्वास है कि इस बार भी बाजी उन्हीं के हाथ लगेगी।

वर्तमान में दिल्ली राज्य के लिए हो रहे चुनाव प्रचार में राजनीतिक दलों के नेताओं की ओर से जो स्वर मुखरित हो रहे हैं, उन स्वरों में केवल रेबड़ी की ध्वनि ही गुंजायमान हो रही है। ऐसा लगता है कि अब दिल्ली की जनता रेबड़ी लूटने की आदी हो चुकी है। इसका राजनीतिक आशय यह भी निकाला जा सकता है कि अपना नायक चुनने के लिए किसकी रेबड़ी स्वार्थ की पूर्ति करने वाली है, यह ही देखा जाएगा। इस कवायद को लालच देकर वोट प्राप्त करने का एक माध्यम भी माना जा सकता है, क्योंकि जनता को मुफ्त में खजाना लुटाना किसी भी प्रकार से न्याय संगत नहीं माना जा सकता। क्योंकि इसका बोझ उस समाज पर आता है, जो योजना का लाभ लेने के पात्र नहीं होते। हालांकि सरकार द्वारा आम जनता का ध्यान रखना चाहिए, लेकिन इसके लिए मुफ्त की योजना के अलावा अन्य तरीके अपनाए जाएं तो बेहतर होगा। नहीं तो एक दिन ऐसा भी आ सकता है कि यही योजनाएं विकास की योजनाएं न होकर विनाशकारी मार्ग तैयार कर सकती हैं। दिल्ली में एक दशक पहले भाजपा और कांग्रेस के बीच ही चुनावी लड़ाई होती रही थी, लेकिन कांग्रेस सरकार के भ्रष्टाचार के विरोध में एक धूमकेतु की तरह अरविन्द केजरीवाल ने आम आदमी पार्टी का गठन कर दिया और लोक लुभावने वादे करके आम जनता का छप्पर फाड़ समर्थन प्राप्त करके दिल्ली के सिंहासन को अपने कब्जे में ले लिया। इस चुनाव में बहुकोणीय मुकाबला होने की झलक दिखाई दे रही है। आम आदमी पार्टी ने गठबंधन को धता बताकर अपने आपको फिर से मैदान में उतारा है, लेकिन उसकी सबसे बड़ी परेशानी यह है कि उसके नेता अरविन्द केजरीवाल पर भ्रष्टाचार करने का आरोप है। साथ ही ऐसा कहना भी समुचित ही होगा कि केजरीवाल की कथनी और करनी में जमीन आसमान का अंतर है। एक समय सुविधाओं को त्याग कर राजनीति करने की कसम खाने वाले केजरीवाल की जीवनशैली सुविधामय होती दिखाई दे रही है। शीशमहल के नाम से भाजपा द्वारा प्रचारित किए गए उनके आवास में लकजरी सुविधाएं हैं। जो उनके कथन से कतई सरोकार नहीं रखती। ऐसे में यह कहना तर्कसंगत ही होगा कि इस बार केजरीवाल की राह उतनी आसान नहीं कही जा सकती, जो पहले थी। दूसरी बड़ी बात यह भी है कि इस बार के चुनाव में आम आदमी पार्टी के समक्ष गंभीर चुनौतियाँ भी हैं। केजरीवाल जमानत पर बाहर हैं। वे दोष मुक्त नहीं हुए। उनका मुख्यमंत्री कार्यालय जाने पर प्रतिबन्ध उसी समय लगा दिया है, जब वे मुख्यमंत्री थे, ऐसी स्थिति में केजरीवाल फिर से दिल्ली के मुख्यमंत्री बनेंगे, इसकी गुंजाइस भी नहीं है।

आम आदमी पार्टी के समक्ष एक बड़ी चुनौती यह भी है कि इस बार के चुनाव में कांग्रेस और भाजपा के अलावा बहुजन समाज पार्टी और औवेसी की पार्टी भी मैदान में है। यह दोनों राजनीतिक दल जितने प्रभावी होंगे, उसका खामियाजा आप आदमी पार्टी को ही होगा। एक गणित यह भी है कि पिछले चुनाव में अंदरूनी तौर पर कांग्रेस पार्टी का समर्थन आम आदमी पार्टी को मिला था, लेकिन इस बार पूरी गंभीरता के साथ कांग्रेस चुनावी मैदान में है। कांग्रेस और भाजपा दोनों ने केजरीवाल के समक्ष वजनदार प्रत्याशी उतार कर यह संदेश तो दिया ही है कि इस बार केजरीवाल की पार्टी आसानी से विजय प्राप्त नहीं करेगी। क्योंकि बसपा और औवेसी के आने से केजरीवाल की पार्टी को मुस्लिम और दलित मतों की प्राप्ति में कमी हो सकती है और कांग्रेस का मूल वोटर इस बार कांग्रेस को ही वोट देगा।

आम आदमी पार्टी के साथ यह विसंगति जुड़ती जा रही है कि वह गठबंधन का हिस्सा केवल उन राज्यों में है, जहाँ आम आदमी पार्टी का अस्तित्व नहीं है। जहाँ केजरीवाल की पार्टी का अस्तित्व है, वहां गठबंधन के मायने बदल जाते हैं। इसका तात्पर्य यही है कि केजरीवाल स्वार्थ सिद्धि के लिए ही गठबंधन करते हैं। यह बात सही है कि केजरीवाल को अब राजनीति की समझ आ गई है। वे एक चतुर राजनीतिक नेता की तरह चुनाव लड़ रहे हैं, लेकिन विपक्ष की एकता के सपने को चकनाचूर कर रहे हैं। हालांकि राजनीतिक विश्लेषक गठबंधन में दरार आने का ठीकरा कांग्रेस पर फोड़ रहे हैं। कुल मिलाकर यह कहना उचित होगा कि गठबंधन अब बिखरने की ओर है। खैरङ्ग मूल विषय रेबड़ी का है। मुफ्त की रेबड़ी बांटना निश्चित ही इस बात की ओर संकेत करता है कि आज राजनीतिक दलों ने आम जनता के बीच अपनी विश्वसनीयता खोई है, इसीलिए चुनाव जीतने के जनता को प्रलोभन देकर वोट कबाड़ने की राजनीति की जा रही है। अब देखना यह है दिल्ली का सिंहासन किसका इंतजार कर रहा है। फिलहाल यही समझा जा रहा है कि मुख्य मुकाबला भाजपा और आदमी पार्टी के बीच है। प्रचार के लिए भाजपा के पास नेताओं की भारी भरकम फौज है तो आम आदमी पार्टी के पास केवल केजरीवाल ही हैं। चुनावी प्रचार के माध्यम से भाजपा अपनी बात को नीचे तक पहुंचाने का प्रयास करेगी और इसका प्रभाव भी हो सकता है। लेकिन फिर वही बातङ्ग क्या रेबड़ी के सहारे ही इस बार भी दिल्ली की सरकार बनेगी।

**– सुरेश हिंदुस्तानी,**

> वर्तमान में दिल्ली राज्य के लिए हो रहे चुनाव प्रचार में राजनीतिक दलों के नेताओं की ओर से जो स्वर मुखरित हो रहे हैं, उन स्वरों में केवल रेबड़ी की ध्वनि ही गुंजायमान हो रही है। ऐसा लगता है कि अब दिल्ली की जनता रेबड़ी लूटने की आदी हो चुकी है।

## रूपेश कुमार



### पश्चाताप

रचना

कभी जो शब्द बोला था, अब उसे समझता हूँ,
अपने मुख से निकले अक्षरों पर पछतावा पाता हूँ।
जो शब्द निकले थे मेरे दिल से, तीखे और कठोर,
अब उन शब्दों के दर्द को, मैं महसूस करता हूँ।

हर कदम जो गलत शब्दों की दिशा में बढ़ा था मेरा,
वह घातक रास्ता आज मुझे सही नजर आता नहीं।
वो जो क्षणिक आनंद था, अब दु:ख बनकर आया,
पश्चाताप की गहरी खाई में मुझे अंदर तक समाया है।

अधिकार के मोह में, भटके थे कई सारे मेरे शब्द,
अब सोचता हूँ, पछताता हूँ हर एक घड़ी दर घड़ी।
मन के अंधकार में खो गया था मैं उस जहाँ में,
सच से दूर, स्वार्थ की राह पर दूर चल पड़ा था मैं।

अब सीख चुका हूँ, मैं कि जो किया वो गलत था,
जो नहीं किया था, वही मेरे जीवन का यथार्थ था।
जो खो चुका हूँ, उसे वापस नहीं पा सकता कोई मेरा,
जब जागा हूँ, तो आत्मा में पश्चाताप से दिल जलता है।

अब बस एक उम्मीद है, अपने शब्दों की सुधार का,
पश्चाताप में शक्ति होती है, सच्चाई के रास्ते की ओर।
हर गलतियों से कुछ तो सिखना चाहिए मनुष्यों को,
तभी आत्मा को सुकून मिलता है अपनी पश्चाताप पर।

वक्त की राह में, हमसे होती है अनगिनत अनजाने भूलें,
जब दिल में दर्द होता है,तो आत्मा की आवाज सुनाई देती।
अब मैं कोशिश करता हूँ की, सच्चाई की राह पकड़ने की,
जो गलती किया था मैंने,उसे सुधारने की कोशिश करता हू।

पश्चाताप की धारा में, हमें मिलती है शांति,और सही मार्ग,
चलने की नयी शुरूआत सच का मार्ग कभी कठिन होता।
लेकिन पछताए बिना हम कुछ नहीं समझ सकते हर गलती से सिखना,
यही जीवन का संदेश है, पश्चाताप से ही मिलती है आत्मा की ताजगी।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

### राष्ट्रीय बालिका दिवस- 24 जनवरी, 2025

# नये भारत के लिये बालिकाओं की बंद खिड़कियां खुलें



ललित गर्ग

वेलकम इंडिया

जहां पांव में पायल, हाथ में कंगन, हो माथे पे बिंदिया, इट हैपन्स ओनली इन इंडिया- जब भी कानों में इस गीत के बोल पड़ते है, गर्व से सीना चौड़ा होता है। जब नवरात्र के दिनों में कन्याओं को पूजित होने के स्वर सुनते हैं तब भी शकुन मिलता है लेकिन जब उन्हीं कानों में यह पड़ता है कि इन पायल, कंगन और बिंदिया पहनने वाली बालिकाओं के साथ कैसे अत्याचार, यौन-शोषण इंडिया क्या करता है, तब सिर शर्म से झुकता है। भारतीय समाज में लड़कियों को अक्सर भेदभाव, यौन-शोषण और अन्याय का सामना करना पड़ता है। उन्हें अक्सर अपनी शिक्षा को आगे बढ़ाने के अवसर से वंचित रखा जाता है और उन्हें बहुत कम उम्र से ही घर के कामों में मदद करनी पड़ती है। इन्हीं विडम्बनाओं एवं विसंगतियों को नियंत्रित करने के लिये भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने 2008 में राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाने की शुरूआत की। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य भारतीय समाज में लड़कियों के सामने आने वाली चुनौतियों के बारे में जागरूकता फैलाना है। यह दिन समाज में लड़कियों के खिलाफ लैंगिक असमानता, रूढ़िवादिता, भेदभाव, यौन-शोषण और हिंसा की मौजूदा समस्याओं पर प्रकाश डालता है, बालिकाओं को सशक्त बनाता है और शिक्षा, पोषण और स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में लड़कियों को समान अवसर प्रदान करने के महत्व का संदेश देता है। बालिकाओं की बन्द खिड़कियां खुलें, तभी नया भारत-सशक्त भारत बन सकेगा।

सरकार का उद्देश्य बालिका दिवस के माध्यम से बालिकाओं के साथ समान व्यवहार करने और उन्हें वे अवसर प्रदान करने की तत्काल आवश्यकता को व्यक्त करना है, जिनकी वे हकदार हैं। यह दिवस प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की शुरूआत की तिथि भी है। इसका लक्ष्य बालिका लिंग अनुपात में गिरावट के मुद्दे पर ध्यान केंद्रित करना भी है। राष्ट्रीय बालिका दिवस 2025 की थीम ह्यउज्ज्वल भविष्य के लिए लड़कियों को सशक्त बनानाह्न है। इसके लिये भारत में बालिकाओं के लिए कई सरकारी योजनाएं चल रही हैं। लेकिन कई प्रभावी सरकारी योजनाओं के बावजूद भारत में बालिकाओं की स्थिति चिन्ताजनक है। देश में हुई 2016 की जनगणना में लड़कों की तुलना में लड़कियों की घटती संख्या के आंकडे.चौंकाते ही नहीं बल्कि दुखी भी करते हैं। जिस तरह से लड़के-लड़कियों का अनुपात असंतुलित हो रहा है, उससे ऐसी चिन्ता भी जतायी जाने लगी है कि यही स्थिति बनी रही तो लड़कियां कहां से लाएंगे? हालत यह है कि आंध्र प्रदेश में 2016 में प्रति एक हजार लड़कों के मुकाबले महज आठ सौ छह लड़कियों का जन्म दर्ज किया गया। यह आंकड़ा सबसे निम्न स्तर पर मौजूद राजस्थान के बराबर है। तमिलनाडु, कर्नाटक जैसे राज्यों में भी तस्वीर बहुत बेहतर नहीं है। बालिकाओं की घटती संख्या एक गंभीर चिन्ता का विषय है।

हालांकि, बहुत से लोगों का मानना है कि 21वीं सदी तक आते-आते बालिकाओं एवं महिलाओं की जिंदगी में बहुत बदलाव आए हैं लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि बालिकाओं एवं महिलाओं के लिए अब हालात पहले से ज्यादा खराब हो चुके हैं। कहने को भले ही लड़कियां हर मामले में लड़कों के कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हो, हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा, क्षमता एवं कौशल का लोहा मनवा रही है लेकिन उनके सामने हर रोज एक लंबी चुनौती भी खड़ी है। भारतीय बालिकाओं एवं महिलाओं की समस्याएं केवल सामाजिक अधिकारों तक ही सीमित नहीं हैं बल्कि कार्यस्थलों और घरों में भी वह मानसिक और सामाजिक रूप से प्रभावित होती हैं। बालिकाओं एवं महिलाओं की सोच में भले ही पिछले कुछ सालों की तुलना में बदलाव आए हों लेकिन मर्दों की सोच और रवैये में कुछ खास फर्क नजर नहीं आता है। ऐसा इसलिए क्योंकि सड़क पर छोटे कपड़े पहनकर चलने में लगभग हर महिला ही असुरक्षित महसूस करती है। चीरहरण करती आंखें, अंजाने में छूने वाले हाथ और सीटियों की गूंज का सामना किसी लड़के को नहीं बल्कि लड़की को ही हर रोज करना पड़ता है। कुछ घरों में आज भी लड़कों की तुलना में लड़कियों के साथ अलग व्यवहार किया जाता है। वह कैसे बोलती है, कैसे कपड़े पहनती है, अपना जीवन जीने का तरीका किस तरह चुनती है, भले ही इन बातों से उसे कोई फर्क नहीं पड़ रहा हो लेकिन उसके आसपास रहने वाले लोग इससे असुरक्षित वातावरण महसूस करने लगते हैं। ज्यादातर लोगों ऐसा मानना है कि एक बालिका को मिलनसार होना चाहिए। उसे हमेशा ही समझौता करना चाहिए। भले ही वह बातें उसे नुकसान क्यों न पहुंचा रही हों।



जन्म से पहले ही पता चल जाए कि बच्ची पैदा होगी तो ये उसकी जान लेने से भी नहीं कतराते। पिछली सदी में समाज के एक बड़े वर्ग में यह एक विभीषिका ही थी कि परिवार की धुरी होते हुए भी नारी को वह स्थान प्राप्त नहीं था जिसकी वह अधिकारिणी थी। उसका मुख्य कारण था सदियों से चली आ रही कुरीतियाँ, अंधविश्वास व बालिका शिक्षा के प्रति संकीर्णता। कितनी विडम्बना है कि देश में हम ह्यबेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओह्न का नारा बुलन्द करते हुए एक जोरदार मुहिम चला रहे हैं उस देश में लगातार बालिकाओं की संख्या घटने का दाग लग रहा है। यह दाग ह्यएक भारत, श्रेष्ठ भारतह्न के संकल्प पर भी लगा है और यह दाग हमारे द्वारा नारी को पूजने की परम्परा पर भी लगा है। लेकिन प्रश्न है कि हम कब बेदाग होंगे? अच्छे भविष्य के लिए हम बेटियों की पढ़ाई से ही सबसे ज्यादा उम्मीदें बांधते हैं। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ जैसे नारे हमारे संकल्प को बताते हैं, हमारी सदिच्छा को दिखाते हैं, भविष्य को लेकर हमारी सोच को जाहिर करते हैं, लेकिन वर्तमान की हकीकत इससे उलट है। वे पढ़ाई में अपने झंडे भले ही गाड़ दें, लेकिन उन्हें आगे बढ़ने से रोकने की क्रूरताएं कई तरह की हैं। उसका मुख्य कारण है सदियों से चली आ रही कुरीतियाँ, अंधविश्वास व बालिका शिक्षा के प्रति संकीर्णता। शताब्दियों से हम साल में दो बार नवरात्र महोत्सव मनाते हुए कन्याओं को पूजते हैं। लेकिन विडम्बना देखिये कि सदियों की पूजा के बाद भी हमने कन्याओं को उनका उचित स्थान और सम्मान नहीं दे पाये हैं। इन त्रासद, अमानवीय एवं विडम्बनापूर्ण नारी अत्याचार की बढ़ती घटनाओं के होते हुए मां दुर्गा को पूजने का क्या अर्थ है?

बालिकाओं के साथ होने वाली त्रासद एवं अमानवीय घटनाएं -निर्भया कांड, नितीश कटारा हत्याकांड, प्रियदर्शनी मट्ठ बलात्कार व हत्याकांड, जेसिका लाल हत्याकांड, रुचिका मेहरोत्रा आत्महत्या कांड, आरुषि मर्डर मिस्ट्री की घटनाओं में पिछले कुछ सालों में इंडिया ने कुछ और ऐसे मौके दिए जब अहसास हुआ कि भ्रूण में किसी तरह नारी अस्तित्व बच भी जाए तो दुनिया के पास उसके साथ और भी बहुत कुछ है बुरा करने के लिए। बहशी एवं दरिन्दे लोग ही बालिकाओं को नहीं नोचते, समाज के तथाकथित ठेकेदार कहे जाने वाले लोग और पंचायतें, तथाकथित राम-रहीम जैसे धर्मगुरु भी बालिकाओं की स्वतंत्रता एवं अस्मिता को कुचलने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ रहे हैं, स्वतंत्र भारत में यह कैसा समाज बन रहा है, जिसमें महिलाओं की आजादी छीनने की कोशिशें और उससे जुड़ी हिंसक एवं त्रासदीपूर्ण घटनाओं ने बार-बार हम सबको शर्मसार किया है। राष्ट्रीय बालिका दिवस का अवसर इन त्रासद एवं क्रूर स्थितियों पर आत्म-मंथन करने का है, क्योंकि बालिकाओं एवं महिलाओं के समावेश, न्याय व सुरक्षा की स्थिति को बताने वाले वैश्विक शांति व सुरक्षा सूचकांक के 177 देशों में भारत का 128वां स्थान है। एनसीआरबी की रिपोर्ट के अनुसार, महिलाओं के विरूद्ध अपराध में राष्ट्रीय औसत 66.4 है। राजधानी दिल्ली का स्थान 144.4 अंकों के साथ सर्वोच्च है। माना जाता है कि 90 प्रतिशत यौन उत्पीड़न जान-पहचान के व्यक्ति ही करते हैं। यानी बालिकाएं अपने ही घर या परिचितों के बीच सबसे ज्यादा असुरक्षित है।

# निकाय चुनाव के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी ने निरीक्षण कर पोलिंग पार्टियों को किया रवाना

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर।** स्थानीय नागर निकाय चुनाव को स्वतंत्र,निष्पक्ष व शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए नगर निकायों में पूरी तैयारी कर ली गयी है। जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने बुधवार को पोलिंग पार्टियों को सामग्री वितरण,पार्टियों के प्रस्थान व वापसी स्थल व स्ट्रांग रूम सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लेने अधिकारियों के साथ बीडी पांडे कैंपस बागेश्वर व ओएनजीसी सभागार कपकोट पहुंचे। इस दौरान एसपी चंद्रशेखर आर घोड़के भी उपस्थित रहे।

बुधवार को नगर पालिका बागेश्वर के लिए पोलिंग पार्टियां बीडी पांडेय परिसर से रवाना हुई,वहीं नगर पंचायत गरुड़ की पोलिंग पार्टियां ब्लॉक सभागार व कपकोट की पोलिंग पार्टियां ओएनजीसी सभागार से रवाना हुई। स्थानीय निकाय के चुनाव के लिए कुल 36 बूथ बनाये गए है।जिसमें 22 बूथ नगर पालिका बागेश्वर एवं सात-सात पोलिंग बूथ नगर पंचायत गरूड़ एवं कपकोट में बनाए गए है। मतदान केंद्रों पर प्रकाश,बिजली,पानी की व्यवस्था,शौचालय,रैंप आदि की व्यवस्था चाक-चौबंद की गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने आज नगर पालिका बागेश्वर में मंडल सेरा दक्षिणी,जिला पंचायत,जिला सैनिक कल्याण, जिला पूर्ति कार्यालय, बिलौना नवीन आदि पोलिंग बूथों का निरीक्षण किया। वहीं नगर पंचायत कपकोट में बमसेरा,भ्यूं और लोक निर्माण अतिथि गृह पोलिंग बूथ का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मतदान पार्टियां पोलिंग बूथों पर पहुंच चुकी थी। इसके अलावा अपराह्न 2 बजे तक तीनों निकायों की सभी मतदान पार्टियां अपने-अपने बूथ पर सुरक्षित रूप से पहुंच चुकी है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने पोलिंग पार्टियों को बूथ पर ही अवस्थान करने एवं चुनाव को निष्पक्ष,सुरक्षित व पारदर्शिता से सम्पन्न कराने के निर्देश दिए। तथा आदर्श आचार संहिता का अनुपालन सुनिश्चित करने व कराने के कड़े निर्देश दिए।

उल्लेखनीय है कि तीनों निकायों में कुल 25321 मतदाता है। जिसमें नगर पालिका बागेश्वर में 8976 पुरूष व 8825 महिला, कुल 17801 व नगर पंचायत गरूड में 2084 पुरूष व 2034 महिला, कुल 4118 मतदाता है। जबकि कपकोट नगर पंचायत में 1704 पुरूष व 1698 महिला मतदाता, कुल 3402 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। तीनों निकायों को सात जोन व 12 सेक्टर में विभाजित किया गया है। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी आरसी तिवारी,आरओ मोनिका,अनुराग आर्या सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## ईंट भट्टे पर कार्य करने के नाम पर लिए गए रुपये नहीं देने का आरोप

**कांधला।** बागपत जनपद के गांव निवासी एक व्यक्ति ने थाना क्षेत्र के गांव मलकपुर निवासी एक युवक पर ईंट भट्ठे पर कार्य करने के नाम पर ली गई पेसगी के रुपए वापस नहीं देने का आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है,पुलिस जांच में जुटी है। बागपत जनपद के खेकड़ा थाना क्षेत्र के गांव टिटोरा निवासी सुशील ने बताया कि पीड़ित ईंट भट्टे पर कच्ची ईंट की पथाई करने का ठेकेदार है और मजदूर ले जाकर उनसे कार्य करता है। पीड़ित का आरोप है की थाना क्षेत्र के गांव मलकपुर निवासी सतीश नाम के एक युवक ने पीड़ित से ईंट भट्ठे पर लेबर ले जाने के नाम के एक लाख 75 हजार रुपए लिए थे। आरोप है कि एक माह बीत जाने के बाद भी आरोपी ना तो ईंट भट्ठे पर कार्य करने के लिए गया है और ना ही उसके रुपए वापस लौटा रहा है। बुधवार को पीड़ित अपने रुपए लेने के लिए पहुंचा था तो आरोपी ने गाली गलौज करते हुए मारपीट कर भगा दिया।

# धर्म संसद 23 जनवरी को श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति के लिए जन जागरण शंखनाद होगा

वेलकम इंडिया



**मथुरा/प्रयागराज।** भगवान श्री कृष्ण की जन्म भूमि मथुरा को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए प्रयागराज कुंभ में आयोजित 23 जनवरी की धर्म संसद को सफल बनाने के लिए बुधवार को एक विशाल जन जागरण यात्रा कुंभ क्षेत्र प्रयागराज में निकाली गई। भारी संख्या में उपस्थित दंडी स्वामियों ने संगम क्षेत्र स्थित हरिदास संप्रदाय के श्री महंत महामंडलेश्वर राधा प्रसाद देव जू महाराज, ने जन जागरण यात्रा का शुभारंभधर्म ध्वज को फहराकर किया। श्री कृष्ण जन्मभूमि केस के पक्षकार हिंदूवादी नेता दिनेश शर्मा ने कहा कि 23 जनवरी को होने वाली धर्म संसद के लिए सभी संतो ने आशीर्वाद दिया है।

संपूर्ण संप्रदाय के महामंडलेश्वर, देवाचार्य, महंत, संत, एवं शंकराचार्य, धर्म संसद में पधार रहे हैं, मलूक पीठाधीश्वर जगतगुरु डॉ राजेंद्र दास जी महाराज धर्म संसद में श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति हेतु प्रस्तावना को रखेंगे, शंकराचार्य एवं महामंडलेश्वर इस प्रस्तावना का समर्थन करते हुए न्यायालय में एवं न्यायालय के बाहर जन जागरण के तहत किया जा रहे प्रयासों को आगे बढ़ाएंगे, जिसका सभी बिंदुओं के आधार पर साक्षर पालन होगा।

श्री महंत सांवरिया बाबा, एवं महामंडलेश्वर भैया जी महाराज , धर्म संसद संयोजक आचार्य रमाकांत गोस्वामी ने कहा कि अब बहुत समय नहीं है भगवान योगेश्वर श्री कृष्ण की इच्छा से जन्मभूमि पूर्णतया मुक्त होगी क्योंकि न्यायालय सबूत के आधार पर फैसला देती है मुस्लिम पक्ष पर एक भी सबूत नहीं है अंततः विजय सत्य की ही होती है।

महंत मोहिनी बिहार शरण महाराज, धर्म संसद प्रभारी राजेश पाठक, ने बताया कि धर्म संसद में एक लाख से अधिक सतंजन, श्रद्धालु सनातनी, भाग ले सकते हैं, व्यवस्था के लिए पूर्ण इंतजाम किए गए हैं, पूरे दिन चलने वाली धर्म संसद को पांच चरणों में किया जा रहा है जिससे एक साथ अत्यधिक भीड़ न हो। इस अवसर पर, लक्ष्मी नारायण आचार्य, ब्रज क्षेत्र संयोजक सुखराम सिंह, आचार्य सोनू शास्त्री, सयानंद सरस्वती, ब्रह्मचारी बाबा, रामदेव शास्त्री, अश्विनी पांडे, रेखा रानी मुखर्जी, आदि उपस्थित रहे।

## नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनसिप में हापुड़ जिले के यश वत्स बने रेफरी




**हापुड़।** जनपद के धौलाना तहसील के गांव सिरोधन के निवासी यश वत्स ने ताइक्वांडो एसोसिएशन बागपत की ओर से निर्णायक के रुप में निमृत होकर बढ़ाया हापुड़ जिले का नाम बागपत के सेक्रेटरी सचिन शर्मा को उत्तर प्रदेश के ताइक्वांडो एसोसिएशन के सेक्रेटरी ने यश वत्स को रेफरी का पत्र देकर चयन किया गया ।तो वही हापुड़ जिले के यश वत्स को चीफ गेस्ट के द्वारा सम्मानित कर गया ।यश वत्स को बधाई देने वाले लोगों का तांता लगा है।

## न्यायिक अधिकारी ने जिला कारागार का किया निरीक्षण



**संतकबीरनगर।** जिला जज महेन्द्र प्रसाद चौधरी के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश महेंद्र कुमार सिंह द्वारा जिला कारागार संत कबीर नगर का निरीक्षण किया। जिसमे एक-एक करके कई बन्दीजनो ने अपनी बात रखी। बंदीजनो से उनके स्वास्थ्य, शिक्षा एवं आवश्यक सुविधाओं के बारे में किसी दुविधा या शिकायत पर विशेष ध्यान दिए जाने की बात कही । अल्प वयस्क बंदियों के पठन-पाठन हेतु की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा पाकशाला में पक रहे, पकवान का निरीक्षण किया। महिला बंदियों से मुलाकात करते हुए उनको दी जाने वाली सुविधायों को जाना। जिला कारागार में तैनात अध्यापकों से शिक्षण कार्य के संबंध में वार्ता की गई तथा शिक्षण कार्य में किसी भी प्रकार की बाधा आने पर जिला प्राधिकरण को पत्राचार करने हेतु निर्देशित किया गया। जेल अधिकारियों को निर्देशित किया कि यदि कोई बंदी किसी भी प्रकार की सहायता हेतु कोई बात अथवा तथ्य रखता है तो उसके समाधान हेतु हर संभव प्रयास करें, तथा प्रार्थना पत्र लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संत कबीर नगर के कार्यालय में प्रेषित करना सुनिश्चित करें। जिला कारागार के जेल पी0एल0वी पंकज गुप्ता एवं अमरजीत सिंह को निर्देशित किया कि प्रत्येक बंदीजनो से व्यक्तिगत रूप से मिलकर उन्हें उनके अधिकारों के बारे मे बताए तथा सहायतार्थ तत्पर रहें। इस दौरान में जिला कारागार के अधिकारी, कर्मचारीगण एवं जेल के पराविधिक स्वयं सेवक आदि उपस्थित रहे।

## नगर पालिका परिषद ब्रांड एंबेसडर ने आबिद मेमोरियल क्रिकेट टूनार्मेंट का किया उद्घाटन

वेलकम इंडिया



**हापुड़।** हापुड़ नगर पालिका परिषद ब्रांड एंबेसडर एवं डॉ एपीजे अब्दुल कलाम वेलफेयर सोसायटी के चेयरमैन मौ०दानिश कुरेशी ने आबिद मेमोरियल क्रिकेट टूनार्मेंट के सेशन 2 के पांचवें मैच का गुरु नानक क्रिकेट अकादमी मे क्रिकेट टूनार्मेंट का उद्घाटन किया। आपको बता दें किआबिद मेमोरियल क्रिकेट टूनार्मेंट सेशन 2 का पांचवा मैच का आयोजन गुरु नानक क्रिकेट अकादमी में किया गया। जिसका उद्घाटन नगर पालिका परिषद हापुड़ के ब्रांड एंबेसडर मौ दानिश कुरेशी एवं विशिष्ट अतिथि गुरू नानक क्रिकेट अकादमी के मैनेजिंग डायरेक्टर कोच हरिगुन सिह, गुरु नानक क्रिकेट एकेडमी के कोच राशिद अली ने किया। जिसमें गुरु नानक क्रिकेट अकादमी पर आबिद मेमोरियल सीजन 2. का पांचवा मैच आबिद ब्लू और आबिद रेड के बीच खेला गया।आबिद रेड के कप्तान आशु ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की और 20 ओवर में आठ विकेट पर 214 रन बनाकर 10 रनों से जीत हासिल की।और कैप्टन आशु ने 4 विकेट लेकर रेड टीम को जीत दिलाई।आबिद ब्लू के कप्तान शादाब की टीम ने 20 ओवर मे 9 विकेट में 204 रन बनाऐ। वहीं रेड टीम के आजम हासमी ने 84 रन बनाकर मैन आफ दा मैच रहे। एवं तैमूर खान ने 70 रन बनाकर बेस्ट बल्लेबाजी का खिताब अपने नाम किया।

# मतदान लोकतंत्र का त्यौहार है क्षेत्राधिकार : अनीता चौहान

वेलकम इंडिया




**हापुड़।** जनपद के पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष में जागरूकता अभियान के तहत समिति द्वारा के॰एम॰एस ॰इंटर कॉलेज में मतदाताओं को जागरुक करने के उद्देश्य से रंगोली एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।राष्ट्रीय मतदाता दिवस के महत्व को समझते हुए मतदान करने की अपील की जागरूकता अभियान कार्यक्रम के तहत समिति द्वारा रंगोली के माध्यम से मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पहुचीं पिलखुवा क्षेत्राधिकारी अनीता चौहान ने कहा कि मतदान करने से लोकतंत्र मजबूत होता है मतदान लोकतंत्र का त्यौहार है उन्होंने संस्था द्वारा आयोजित जागरूकता कार्यक्रम की सराहना की और विजय प्रतियोगियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया है मौके पर बतौर अतिथि पधारे कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रघुराज सिंह ने कहा कि वोट का इस्तेमाल करना जरूरी है मतदान करना अधिकार है मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाता है इस उपलक्ष में समिति द्वारा रंगोली बनाकर जागरूकता का संदेश दिया है यह एक अच्छी पहल है उन्होंने आयोजकों को शुभकामनाएं दी और छात्र-छात्राओं को जागरूक नारों व स्लोगन लिखने पर प्रोत्साहित किया।इस मौके पर विद्यालय की प्रधानाचार्य ममता भारद्वाज ने कहा कि बूढ़े हो या जवान सभी को मतदान करना चाहिए और लोगों को मतदान के लिए जागरूक करना चाहिए वहीं स्लोगन लिखकर तनिष्क, पलक, हर्ष, खुशी, सुलेमान ,अरमान ,ऋषभ, शरद ,अंजलि ,सदफ, रणविजय, तनिष्क ,पारस, गगन, अभी, हर्ष, हिमानी ,अनम ,गोल्डी ,गुंजन , मनदीप तोमर ,अखिल तेवतिया ने स्लोगन लिखकर लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया इस मौके पर रेखा ठाकुर ,तपस्या कौशिक ,हिमानी शर्मा,उर्मिला शर्मा ,सुधा गुप्ता, पिंकी ,सुमन रोहिल्ला,तरुण बंसल जगदीश करी सुशील कुमार,आदि ने सहयोग किया इस मौके पर समिति के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह राठी एवं मोहिनी शर्मा अध्याय वेलफेयर सोशल ऑर्गेनाइजेशन महिला मोर्चा अध्यक्ष ,चरणजीत, राशिद खान ने अतिथियों को प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत किया।

# संतकबीरनगर पुलिस द्वारा डिजिटल वॉरियर्स कार्यशाला का किया आयोजन

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** बुद्धवार को पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी कोतवाली खलीलाबाद अजित चौहान के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक साइबर क्राइम थाना आलोक सोनी, प्रभारी निरीक्षक थाना दुधारा राकेश सिंह व सोशल मीडिया सेल के नेतृत्व में अवध गर्ल्स इंटर कालेज कड़जा सेमरियावा थाना दुधारा में विद्यालय के प्रधानाचार्य, समस्त अध्यापकगण व छात्र / छात्रों को डिजिटल वॉरियर्स बनने के लिए प्रशिक्षण दिया।

अध्यापकगण व छात्र/छात्राओं को डिजिटल वॉरियर्स के कार्य जैसे अफवाहों को रोकना, अफवाहों को खंडन करना, सोशल मीडिया पर ऐसे फेक न्यूज जो सांप्रदायिक सौहार्द को बिगाड़ते हैं उनका खंडन करना, सोशल मीडिया के किसी भी सूचना को बिना जाने समझे शेयर न करना, पुलिस के कार्यों को प्रोत्साहित करना आदि के बारे में जानकारी दी।

उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार 'डिजिटल वारियर्स (सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और कॉलेज के छात्रों का एक नेटवर्क) साइबर अपराध के बारे में जागरूकता बढ़ाएंगे, भ्रामक खबरों का मुकाबला करेंगे । आम नागरिकों को साइबर प्रशिक्षक के रूप में प्रशिक्षित करेंगे और पुलिस के सराहनीय कार्यों और अभियानों का प्रचार करेंगे ।

इस दौरान उपनिरीक्षक रमेश यादव, का. राम प्रवेश मद्धेशिया, महिला का. अमृता सिंहथाना दुधारा प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह, का. अरविन्द यादव, भीम कुमार, दीपक सिंह, प्रधान प्रतिनिधि मुहम्मद हनीफ खान उप प्रधानाचार्य मुहम्मद माज, इम्तियाज अहमद, तारिक अनवर, दरख्शा वसीक, सूफिया सदफ, सोमैय्या सुहेल आदि मौजूद रहे।

# जिले में सभी अधिकारी टीबी रोगियों को गोद लें : डीएम

वेलकम इंडिया



**हापुड़।** जनपद की जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा ने कहा है कि जिले में सभी अधिकारी टीबी रोगियों को गोद लेकर पुष्टाहार उपलब्ध कराएं और साथ ही उनका हालचाल भी लेते रहें। डीएम ने कहा कि यह पुण्य के साथ हमारी नैतिक जिम्मेदारी भी है। रोगियों का हालचाल लेने से रोगियों को भावनात्मक सहयोग मिलता है जो उसकी रिकवरी बेहतर करने में मददगार है। गोद लिए गए रोगियों के संपर्क में रहें और उपचार में किसी तरह की समस्या होने पर निदान भी कराएं। डीएम और सीडीओ ने बुधवार को अपने कार्यालय में स्वयं क्षय रोगियों को गोद लेकर इस अभियान की शुरूआत कर दी। कोआर्डिनेशन कराएंगे सीडीओ

जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम को जिले में तैनात अधिकारियों और क्षय रोग विभाग के बीच कोआर्डिनेशन की जिम्मेदारी दी है। सीडीओ ने कार्यक्रम में मौजूद जिला क्षय रोग अधिकारी (डीटीओ) को क्षय रोगियों की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं ताकि रोगियों को उनके निवास स्थान के नजदीक तैनात अधिकारियों को गोद दिलाया जा सके ।गोद लिए गए रोगियों का हाल जाना।

जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा और सीडीओ हिमांशु गौतम ने गोद लिए गए क्षय रोगियों से बातचीत कर उनका हाल जाना। दोनों अधिकारियों ने रोगियों से समय पर दवा मिलने के साथ ही खाते में पोषण राशि का पैसा मिलने की भी जानकारी ली। डीएम ने रोगियों से कहा कि दवा समय पर लेते रहें और किसी तरह की समस्या होने पर उन्हें तत्काल बताएं। अधिकारियों ने अपने मोबाइल नंबर भी क्षय रोगियों को उपलब्ध कराए हैं और साथ ही उपचार जारी रहने तक हर माह पोषण उपलब्ध कराने और हालचाल जानते रहने की बात कही है।

डीएम बोलीं- पोषण लेना जरूरी

डीएम ने रोगियों को बताया कि उन्हें उपलब्ध कराई गई पोषण पोटली में उच्च प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थ हैं। यह उनके उपयोग के लिए हैं। टीबी रोगियों को उच्च प्रोटीन युक्त पोषण लेना जरूरी है।

# गणतंत्र दिवस पर अपोलोमेडिक्स हॉस्पिटल का नागरिक जीवन रक्षक बनाने का संकल्प

वेलकम इंडिया




**लखनऊ।** अपोलोमेडिक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल इस 26 जनवरी को 76वीं गणतंत्र दिवस बेहद खास अंदाज में मनाने जा रहा है। हॉस्पिटल ने अपनी अनूठी पहल मिशन 76 के तहत 76 दिनों में 76 सीपीआर प्रशिक्षण संत्र आयोजित करने का फैसला किया है। इस अभियान की शुरूआत अपोलोमेडिक्स हॉस्पिटल में बुधवार 22 जनवरी 2025 को प्रेस कॉन्फ्रेंस में उपस्थित राजधानी के गौडिया कर्मियों के लिए सीपीआर (कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन) प्रशिक्षण कार्यक्रम के साथ की गई, मीडिया कर्मियों को सीपीआर प्रशिक्षण देने से उन्हें न केवल जीवनरक्षा की तकनीक का बेहतर ज्ञान मिला, बल्कि अब वे समाज में स्वास्थ्य जागरूकता फैलाने में और भी अहम भूमिका निभाने के लिए सक्षम होंगे।

इस अभियान की शुरूआत अस्पताल के निदेशक (मेडिकल सर्विसेज) डॉ. अजय कुमार के नेतृत्व में हुई। यह प्रशिक्षण आगामी दिनों में शहर के विभिन्न संस्थानों में आयोजित होने वाली कार्यशालाओं की एक कड़ी है। ये सत्र लोगों को आपातकालीन स्थितियों में जान बचाने के लिए तैयार करने की हॉस्पिटल की एक सामाजिक पहल है। डॉ. अजय कुमार ने कहा, आपातकालीन स्थिति में सबसे अहम है सही समय पर सही तकनीक का उपयोग करना। सीपीआर एक ऐसा कौशल है, जिसे हर नागरिक को सीखना चाहिए। यह सिर्फ एक तकनीक नहीं, बल्कि किसी की जिंदगी बचाने का माध्यम है। अपोलोमेडिक्स का यह प्रयास हर व्यक्ति को जीवन रक्षक बनाने का है।

इस समय में सीपीआर (कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन) सबसे प्रभावी और जीवन रक्षक तकनीक साबित होती है। अगर सही तरीके से और सही समय पर सीपीआर दिया जाए, तो किसी की जान बचाई जा सकती है। हमारा यह अभियान 'मिशन-76' इसी उद्देश्य से शुरू किया गया है, ताकि हम लोगों को इस तकनीक का सही ज्ञान दे सके। हम बाहते हैं कि अधिक से अधिक लोग सीपीआर का प्रशिक्षण लें, ताकि वे आपातकालीन स्थितियों में दूसरों की जिंदगी भी बचा सकें। यह जीवन रक्षा में एक अहम कदम साबित हो सकता है ।अपोलोमेडिक्स का यह कदम सिर्फ एक अभियान नहीं, बल्कि हर व्यक्ति को आपातकालीन स्थितियों के लिए सक्षम बनाने का एक प्रयास है। अपोलोमेडिक्स हॉस्पिटल ने सभी संस्थानों, संगठनों और व्यक्तियों की अपने इस अनूठे अभियान का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित किया है।

# भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में निकाली शोभायात्रा

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** अयोध्या में भगवान श्री राम की भव्य प्राण प्रतिष्ठा को एक वर्ष पूर्ण होने पर बुधवार को मथुरा में भगवान श्री राम की शोभायात्रा निकाली गई ।जिसके संयोजक रहे मोनू पांडेय भाजपा किसान मोर्चा जिला कोषाध्यक्ष ने बताया कि आज हमारे आराध्य भगवान श्री राम भव्य प्राण प्रतिष्ठा को एक वर्ष पूरा हो गया है ।जिसको लेकर आज हमने राधिका बिहार दुर्गा पुरी से मंडी चौराहा,कृष्णा नगर,भूतेश्वर, बीएसए रोड होते हुए राधिका बिहार पर संपन्न हुई ।यात्रा सम्पन्न के बाद समस्त सनातन प्रेमी को भंडारा वितरण किया गया ।जिसमें समस्त सनातन प्रेमी मौजूद रहे।

वहीं शोभा यात्रा का शुभारंभ गोविंदराम शर्मा भाजपा जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा ने भगवा झंडा फैरा कर किया। शोभा यात्रा में भगवान राम की भव्य झांकी, और पवन पुत्र हनुमान जी की झांकी ने सबका मन मोह लिया ।वही यात्रा का भक्तों ने जगह जगह पुष्प वर्षा करके स्वागत किया ।वही कृष्ण नगर चौकी इंचार्ज विक्रांत तोमर ने ट्रैफिक की व्यवस्था बहुत ही अच्छे ढंग से संभाली।

शोभायात्रा में गोविंद राम शर्मा जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा,चरण सिंह जादौन जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा, योगेश यादव,रिंकू यादव, के.के अग्रवाल,निरंजन सिंह पार्षद,अनुज खंडेलवाल,सोनू अग्रवाल,मोहित खंडेलवाल,निर्मल अग्रवाल, बी एल पांडेय,पवन शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

# खंड शिक्षा अधिकारी ने निभाई शिक्षक की भूमिका, बच्चों में दिखा उत्साह

वेलकम इंडिया/चरन सिंह




**बरेली।** परिषदीय विद्यालयों में छात्र-छात्राओं के शिक्षण कौशल को परखने के लिए बुधवार को खंड शिक्षा अधिकारी क्यारा पूरन सिंह प्राथमिक विद्यालय गुलाब नगर झिंझरी पहुंचे। इस दौरान विद्यालय का समस्त स्टाफ स-समय विद्यालय में उपस्थित मिला। कक्षा 3, 4, 5 के छात्र-छात्राओं को एक साथ बिठाकर सत्र परीक्षा की तैयारी करा रहे, शिक्षामित्र धर्मेंद्र पटेल की कक्षा में खंड शिक्षा अधिकारी पूरन सिंह ने पहुंचकर छात्र-छात्राओं को पर्यायवाची शब्दों का ज्ञान दिया, खंड शिक्षा अधिकारी के द्वारा विद्यालय के स्टाफ के साथ मिलकर छात्र-छात्राओं को पढ़ाने पर बच्चों ने भी खुशी जाहिर की। बीईओ पूरन सिंह के द्वारा पूछे गए प्रश्नों का छात्र-छात्राओं में सही ढंग से उत्तर दिया और जहां कहीं बच्चे कुछ परेशानी का सामना कर रहे थे, वहां पर खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा बच्चों को बहुत ही सहज व शालीनता से उनके विषय वस्तु को स्पष्ट किया गया।

इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा बताया गया कि विद्यालय के स्टाफ को छात्र-छात्राओं की उपस्थिति एवं निरंतर कालांश के अनुसार शिक्षण कार्य कराने के लिए कहा गया है, छात्र-छात्राओं को दिए गए पाठ्यक्रम और विषय वस्तु के अनुसार शिक्षण अधिगम संचालित हो इसके लिए भी विद्यालय के स्टाफ के साथ अपने अनुभव साझा किए गए हैं। आगामी 25 जनवरी से सत्र परीक्षा का आयोजन होना है उसकी तैयारियों को लेकर परिषदीय विद्यालयों में औचक निरीक्षण किए जा रहे हैं। खंड शिक्षा अधिकारी के निरीक्षण के दौरान इस विद्यालय में लगभग सभी व्यवस्थाएं ठीक-ठाक पाई गई उन्होंने भी बच्चों के साथ शिक्षण कार्य से जुड़कर प्रसन्नता जाहिर की है।

# कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने मोनू संदूजा को शाल ओढ़ाकर दी शुभकामनाएं

वेलकम इंडिया



**हरियाणा/हिसार।** बरवाला में संगठन चुनाव के अंतर्गत पूर्व पार्षद प्रतिनिधि मनोज उर्फ मोनू संदूजा का चयन बरवाला के भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष पद पर हुआ। बरवाला से विधायक एवं हरियाणा सरकार में कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा से नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष बनने पर पूर्व पार्षद प्रतिनिधि मनोज उर्फ मोनू संदूजा ने बरवाला के पीडलब्लूडी रेस्ट में शिष्टाचार भेंट की तो इस मौके पर मंत्री रणबीर गंगवा ने उन्हें शाल ओढ़ाकर एवं मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी।

इस मौके पर नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष एवं पूर्व पार्षद प्रतिनिधि मनोज उर्फ मोनू संदूजा ने बताया कि आज उनकी कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा से शिष्टाचार भेंट हुई है जिस पर उनका मंत्री ने शाल ओढ़ाकर एवं मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी जिसके लिए वे मंत्री के आभारी है और मंत्री ने उन्हें आश्वाशन दिया जो भी बरवाला की समस्याएं होंगी उन्हें बिना किसी देरी के जल्द समाधान किया जाएगा और मोनू संदूजा ने यह भी बताया कि जो भी जिम्मेवारी पार्टी ने उन्हें दी उसके लिए सबसे पूर्व हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी का, पूर्व मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार मनोहर लाल का एवं प्रदेश महामंत्री सुरेन्द्र पूनिया का पूर्ण निष्ठा से आभारी है और पार्टी के प्रचार में एवं जनता की सेवा हेतु वे पूर्ण हृदय एवं सच्ची निष्ठा से समर्पित है और मंत्री रणबीर गंगवा ने नेतृत्व में बरवाला के विकास में कोई कमी नहीं रहेगी बरवाला एक सुंदर शहर बनेगा।

# सपा कार्यकर्ताओं ने जिला कार्यालय पर छोटे लोहिया जनेश्वर मिश्र की पुण्यतिथि पर दी भावभीनी श्रद्धांजलि

वेलकम इंडिया



**हापुड़।** समाजवादी पार्टी के जिला कार्यकारणी सदस्यों के द्वारा बुलंदशहर रोड हापुड़ स्थित जिला कार्यालय पर छोटे लोहिया स्वर्गीय जनेश्वर मिश्र की पुण्यतिथि मनाई गई। वहीं जिला अध्यक्ष आनंद गुर्जर द्वारा उनके चित्र पर पुष्प माल्यार्पण करके श्रद्धांजलि दी गई।आपको बता दें कि समाजवादी पार्टी के प्रेरणादायक छोटे लोहिया स्वर्गीय जनेश्वर मिश्र समाजवादी पार्टी के प्रेरणादायक गरीबों के मसीहा को याद करते हुए समाजवादी पार्टी कार्यालय पर सभी कार्यकताओं ने 2 मिनट का मौन धारण किया। और चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की गई। श्रद्धांजलि के अवसर पर जिला अध्यक्ष आनंद गुर्जर ने छोटे लोहिया के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि छोटे लोहिया जनेश्वर मिश्र समाजवाद के पुरोधा राम मनोहर लोहिया के सिद्धांतों को ऐसे अपनाया कि 'छोटे लोहिया'बनकर उत्तर प्रदेश के बड़े समाजवादी नेता के रूप में उभर कर सामने आए थे। इसलिए इनको को छोटे लोहिया भी कहा जाता है। इसके पीछे कारण है कि लंबे समय तक राम मनोहर लोहिया के साथ काम करते हुए। उन्होंने उनके गुणों को काफी हद तक खुद में आत्मसात कर लिया था।

इस दौरान उन्होंने लोहिया के विचारों और उनके काम करने के तरीकों को ऐसे अपना लिया था।जैसे कि वह उनकी परछाई हों। यही कारण था कि एक बार इलाहाबाद में आयोजित जनसभा में समाजवादी नेता छुन्नू ने कहा था। कि जनेश्वर मिश्र के अंदर राम मनोहर लोहिया के सारे गुण हैं।और इसलिए वे एक तरह से 'छोटे लोहिया' हैं। इसके बाद से ही जनेश्वर मिश्र का नाम छोटे लोहिया मशहूर हो गया। पुण्यतिथि के इस अवसर पर आनंद गुर्जर जिला अध्यक्ष समाजवादी पार्टी, संजय सिंह यादव जिला उपाध्यक्ष / जिला मीडिया प्रभारी, श्याम सुंदर भुर्जी , इकबाल कुरैशी, अयूब सिद्दीकी, उम्रदराज भाटी, राजेश यादव, पुरुषोत्तम वर्मा, मोहसिन सलमानी, राजेश यादव, शिवकुमार यादव, राकेश यादव, सुहेल कुरेशी, आस मोहम्मद, आदेश गोस्वामी, आदि लोग मौजूद रहे।

# पीएमएस एसोसिएशन बरेली का चुनाव सम्पन्न हुआ



**बरेली।** प्रांतीय चिकित्सा सेवा संघ (पीएमएस एसोसियेशन) की बरेली इकाई का चुनाव बुधवार को सम्पन्न हो गया। इस चुनाव में डॉ एल के सक्सेना अध्यक्ष, डॉ सौरभ सिंह सचिव, डॉ अखिलेश्वर सिंह, डॉ प्रशांत रंजन, डॉ मंयक और डॉ शोयेव को पुरुष वर्ग का उपाध्यक्ष, और डॉ अनुराधा, डॉ पूजा और डॉ शैव्या को महिला वर्ग का उपाध्यक्ष चुना गया। इसी के साथ डॉ गजेन्द्र सिंह को कोषाध्यक्ष, डॉ विवेक कुमार और डॉ अनुराग गौतम को संयुक्त सचिव, डॉ संचित शर्मा को सम्पादक, डॉ सतीश चौधरी को केंद्रीय कार्यकारिणी के सदस्य के रूप में निर्विरोध चुन लिया गया। इसके अलावा, डॉ साधना अग्रवाल, निदेशक मानसिक चिकित्सालय बरेली, डॉ पुष्पा पंत, अपर निदेशक बरेली, डॉ विश्राम सिंह मुख्य चिकित्सा अधिकारी बरेली, डॉ अलका शर्मा प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक जिला चिकित्सालय बरेली, डॉ त्रिभुवन सिंह मुख्य चिकित्सा अधीक्षक महिला चिकित्सालय बरेली, को संरक्षक के रूप में चुना गया। आपको बता दें कि ये चुनाव पूर्व कार्यकारिणी की अवधि समाप्त होने पर कराये गए है। समस्त चिकित्सा अधिकारियों ने चुनाव के परिणामों का स्वागत किया और नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को उनके नए पदों के लिए बधाई दी।

# प्रभारी बीएसए से मिला पूमाशि संघ का प्रतिनिधिमंडल



वेलकम इण्डिया

**सिद्धार्थनगर।** पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ सिद्धार्थनगर का प्रतिनिधि मंडल जिला अध्यक्ष रमेश चन्द्र मिश्र एवं महामंत्री कलीमुल्लाह के नेतृत्व में नवागत जिला विद्यालय निरीक्षक एवं प्रभारी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रकाश सिंह से शिष्टाचार भेंट किया, उन्हें फूलमाला पहनाकर, बुके और पेन डायरी भेंट कर उनका स्वागत किया गया। प्रभारी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से जिले में पूर्व माध्यमिक विद्यालय में शिक्षकों की कमी, पदोन्नति आदि समस्याओं को बताकर कार्यालय में सम्बद्ध शिक्षकों और अनुदेशकों को मूल विद्यालय पर भेजने और एक या दो दिन के वेतन अवरुद्ध की बहाली तथा नव नियुक्ति शिक्षकों के बकाए वेतन भुगतान हेतु आदेश किये जाने की मांग की गयीं तथा भीषण ठंड और शीतलहर को देखते हुए अवकाश/विद्यालय संचालन का समय 10 से 02 किये जाने की मांग की गयीं। प्रभारी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने यथा संभव शिक्षकों के समस्याओं को हल करने का आश्वासन दिया।

# खो-खो विश्व कप विजेता टीम ने से मिले केंद्रीय खेल मंत्री

वेलकम इंडिया



**हरियाणा/हिसार।** पहले खो-खो विश्व कप 2025 में विश्व विजेता बनी भारतीय महिला टीम ने आज केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया से मुलाकात की। इस अवसर पर टीम के साथ खो-खो फेडरेशन के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल, महासचिव एम.एस. त्यागी, और टीम कोच मुन्नी जून भी मौजूद रहे। टीम में हरियाणा से शामिल एकमात्र खिलाड़ी, हिसार जिले के गांव बिठमड़ा की मीनू धत्तरवाल ने अपने शानदार प्रदर्शन से सभी का दिल जीता।

केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने भारतीय महिला टीम को विश्व कप जीतने पर बधाई देते हुए कहा कि खो-खो भारत का पारंपरिक खेल है और इसे बढ़ावा देने के लिए सरकार पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, श्यह गर्व का क्षण है कि भारत ने खो-खो का पहला विश्व कप जीतकर देश का नाम रोशन किया है। हम इसे एशियाई खेलों में शामिल करवाने के लिए प्रयासरत हैं, जिससे खिलाड़ियों को और भी आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा।

मंत्री ने विशेष रूप से मीनू धत्तरवाल के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा, श्मीनू ने अपनी बेहतरीन खेल प्रतिभा से न केवल टीम को मजबूती दी बल्कि देश के लिए गर्व का क्षण भी लेकर आई। उनकी मेहनत और समर्पण सराहनीय है।

बिठमड़ा गांव में जश्न का माहौल मीनू धत्तरवाल की इस उपलब्धि से उनका गांव बिठमड़ा जश्न में डूबा हुआ है। जैसे ही ग्रामीणों को यह खबर मिली कि केंद्रीय खेल मंत्री ने मीनू के प्रदर्शन की सराहना की है, पूरे गांव में उत्साह और जोश का माहौल बन गया। ग्रामीण मीनू के दिल्ली से गांव लौटने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। गांव में उनके भव्य स्वागत की तैयारियां जोरों पर हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि मीनू ने अपने प्रदर्शन से न केवल गांव का, बल्कि पूरे देश का नाम रोशन किया है। युवाओं में खासतौर पर जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। मीनू की इस उपलब्धि से पूरे गांव में गर्व की भावना है और यह जीत पूरे देश के लिए गर्व का पल है।

# डीएम ने बेसिक शिक्षा विभाग के कार्यों की कि समीक्षा बैठक

वेलकम इंडिया




**सिद्धार्थनगर।** बेसिक शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में हुईं। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 द्वारा पी0एम0 श्री स्कूल में आवंटित धनराशि के सापेक्ष व्यय की समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी ने निर्देश देते हुए कहा कि एसएमसी मद में आवेटित धनराशि का पूरा उपयोग होना चाहिए।

विद्यालयों में बाउन्ड्रीवाल, अतिरिक्त कक्षा कक्ष व अन्य कार्यों को कराया जाये। जिस मद में आवन्टन प्राप्त हुआ है, उसका पूरा उपपयोग करें। जिस विकास अधिकारी के खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा धनराशि वापस किया जायेगा, उसके विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी। विकास विभाग द्वारा जो भी कार्य विद्यालयों में कराये जा रहे है उसे मार्च 2025 तक पूर्ण कराने का निर्देश दिया। इसके अलावा विद्यालयों के एमडीएम शेड, खेल सामग्री आदि को पूर्ण कर ले। विज्ञान किट गणित किट टीएलएम के माध्यम से शिक्षा प्रदान किये जाने का निर्देश दिया। इस बैठक में उपरोक्त अतिरिक्त प्रभारी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रकाश सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी पवन कुमार, डा0 संजय कुमार, समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी तथा अन्य सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का 1 वर्ष अंग्रेजी कैलेंडर के अनुसार 22 जनवरी 2025 को हुआ पूरा


वेलकम इंडिया




**अयोध्या।** अंग्रेजी कैलेंडर के अनुसार राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का एक वर्ष 22 जनवरी 2025 को पूरा हो गया इसी दिन भव्य राम मंदिर में रामलला विराजमान हुए थे आज भी श्रद्धालुओं में उत्साह दिखाई दे रहा है परंतु राम मंदिर ट्रस्ट के हिंदी कैलेंडर के अनुसार 11 जनवरी 2025 को भगवान राम लला के प्राण प्रतिष्ठा का वार्षिक उत्सव मनाया गया था अंग्रेजी कैलेंडर के अनुसार दूर दराज से पहुंचे श्रद्धालु दर्शन करके अभिभूत हो रहे हैं तथा अपने आप को भाग्यशाली मान रहे हैं इस कड़ाके की ठंड में भी भगवान राम के प्रति आस्था है सुरक्षा को लेकर भी व्यापक इंतजाम किए गए हैं अंग्रेजी कैलेंडर के वार्षिक उत्सव के मौके पर रामनगरी में श्रद्धालुओं का जन सैलाब उमड़ा हुआ है इस जन सैलाब को देखकर 6 जोनऔर 17 सेक्टर में बाट कर रामनगरी की सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया गया है जोन में राजपत्रित अधिकारी सेक्टर में सी .ओ. लेवल के अधिकारी की तैनाती दी गई है बताया जा रहा है कि आज भी रामलाल के परिसर में विशेष कार्यक्रम होगा राम मंदिर में प्रतिदिन की तरह दिनचर्या के अनुरूप ही पूजा पाठ और राग भोग प्राण प्रतिष्ठा का वार्षिक उत्सव राम मंदिर ट्रस्ट ने मनाया है। अंग्रेजी कैलेंडर के अनुसार आज भी श्रद्धालुओं में भारी उत्साह दिखाई दे रहा है।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ चौबीस जनवरी को मिल्कीपुर में करेंगे जनसभा

वेलकम इंडिया



**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 24 जनवरी को मिल्कीपुर विधान सभा में जनसभा को सम्बोधित करेंगें। हैरिंग्टनगंज के पलिया चौराहे पर प्रातः दस बजे से जनसभा का आयोजन किया गया है। जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह व प्रधान अभिषेक सिंह ने जनसभा स्थल का निरीक्षण किया। जनसभा के संयोजक पूर्व विधायक गोरखनाथ बाबा को बनाया गया है।

जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री की जनसभा के मंडल अध्यक्ष, प्रवासी तथा प्रभारी को जिम्मेदारी दी गई है। जनसभा में हर बूथ की सहभागिता होगी। जिसके लिए जिले के पदाधिकारी लगातार बूथ के कार्यकताओं से सम्पर्क कर रहें है। अन्य व्यवस्थाओं के लिए कार्यकताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री की सभा को ऐतिहासिक बनाने के लिए तैयारियों को लेकर पदाधिकारियों तथा जनप्रतिनिधियों को जिम्मेदारियां सौप दी गई है। जनसभा संयोजक पूर्व विधायक गोरखनाथ बाबा ने बताया कि जनसभा में सहभागिता के लिए बूथ तथा शक्ति केन्द्रों पर बैठकें की जा रही है। मीडिया प्रभारी दिवाकर सिंह ने बताया कि सभा स्थल पर टेंट, पेयजल की व्यवस्था, मंच साज-सज्जा, साउंड सिस्टम, आवागमन के लिए सुलभ मार्ग, गाड़ियों की पार्किंग तथा अन्य व्यवस्थाओं को लेकर पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया है।

# नवनियुक्त आशा कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ सम्पन्न

वेलकम इंडिया



**लखनऊ।** नवनियुक्त 29 आशा कार्यकताओं के द्वितीय बैच का अभिमुखीं प्रशिक्षण कार्यक्रम बुधवार को समाप्त हुआ। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम अलीगंज स्थित एएनएम प्रशिक्षण केंद्र (एएनएमटीसी) में चल रहा था। कार्यक्रम के अन्तिम दिन मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एन.बी.सिंह एएनएमटीसी पहुंचकर नवनियुक्त आशा कार्यकताओं से मिले।

इस मौके पर एन.बी.सिंह ने आशा कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि जो जिम्मेदारी आपको सौंपी गयी है वह बहुत ही महत्वपूर्ण है। स्वास्थ्य सभी के जीवन का अहम भाग होता है, आपको विभाग की सभी योजनाओं और कार्यक्रमों को समुदाय तक पहुंचाना है। आप समुदाय से ही हैं लोगों के साथ सम्बन्ध मधुर और मित्रवत बनायें। उन्हें योजनाओं से जोड़ें जिससे कि वह इनका लाभ ले सकें। आप समुदाय और स्वास्थ्य विभाग के बीच सेतु हैं, इस सेतु का मजबूत होना बहुत जरूर है। मेहनत और इमानदारी से अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन करें। मुश्किलों से घबराएं नहीं, विभाग आपका सहयोग करने के लिए हमेशा तैयार है।

जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी योगेश रघुवंशी ने बताया कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आठ दिवसीय था जिसे कुल 29 नयी आशा कार्यकताओं ने सफलतापूर्वक प्राप्त किया। जिनमें काकोरी की एक, मलिहाबाद और मोहनलालगंज की दो-दो, इटौंजा की तीन, चिनहट की पांच और गोसाईगंज क्षेत्र की 16आशा कार्यकताएं हैं। इससे पहले पिछले हफ्ते 29 नवनियुक्त आशा कार्यकताओं को प्रशिक्षित किया जा चुका है, अब तक कुल 58 नयी आशा कार्यकताओं ने प्रशिक्षण लिया है। इन 58 को मिलाकर वर्तमान में जनपद में कुल 2269 आशा कार्यकताएं काम कर रही हैं जिनमें ग्रामीण क्षेत्र में 1518 और शहरी क्षेत्र में 751आशा कार्यकताएं हैं।

# जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय महादेवा मौलवी का किया निरीक्षण



वेलकम इण्डिया

असदुल्लाह सिद्दीकी। खुनुवां/सिद्धार्थनगर। जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 द्वारा बीएचएनडी दिवस के अवसर पर विकास खण्ड शोहरतगढ़ के अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय महादेवा मौलवी का बुधवार को निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 द्वारा केन्द्र पर उपस्थित एएनएम वन्दना यादव से एचआरपी रजिस्टर को देखा गया। जिसमें 7-8-9 माह की गर्भवती महिला का नाम एचआरपी रजिस्टर में देखा गया। एएनएम से पूछा गया कि गर्भवती महिला को क्या सलाह दी गयी। इसके अलावा गर्भवती महिलाओ का स्वास्थ्य सुधार करने का निर्देश दिया। किसी भी गर्भवती महिला के स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न बरतें। बच्चों का टीकाकरण समय से लगाये जायें। इस दौरान प्रधानाध्यापक, अध्यापक, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, सहायिका, रसोइयां सहित अन्य लोग मौजूद रहें।

# राम मन्दिर प्रथम वर्षगांठ की बड़े धूमधाम से निकाली गई शोभा यात्रा

वेलकम इण्डिया





**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर।** आदर्श नगर पंचायत शोहरतगढ़ में बुधवार को अयोध्या में भगवान श्रीराम मन्दिर के प्रथम प्राण प्रतिष्ठा वर्ष पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें गाजे-बाजे के साथ श्रीराम जानकी मन्दिर से शोभा यात्रा निकालकर गडाकुल तिराहे से होते हुए वापस नगर पंचायत कार्यालय, गोलघर, सब्जी मण्डी, प्रेमगली, नीबी दोहनी से स्व0 पं0 वेणी माधव के घर होते हुए पुनः पुलिस पिकेट होते हुए श्रीराम जानकी मन्दिर प्रांगण में समापन हुआ।

इस दौरान मुख्य रूप भाजपा के जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान, विधायक विनय वर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती उमा अग्रवाल, रवि अग्रवाल, प्रधानाचार्य विक्रम प्रसाद यादव, शिक्षक रामविलास यादव एवं धर्मेन्द्र सिंह तोमर, कार्यक्रम आयोजक रामसेवक गुप्ता, सतीश मित्तल, शिवशक्ति शर्मा, किशोरी लाल, पप्पू लख्खा, राजकुमार मोदनवाल, हियुवा के सौरभ गुप्ता, बबलू गौड़, अनूप कसौधन, पवन कसौधन, सतीश वर्मा, शिव कुमार अग्रवाल, मनोज गुप्ता, अभिषेक चौधरी, रामविनोद यादव, नवीन पाण्डेय, विरेन्द्र गौड़, राजेन्द्र कुमार, कुश मोदनवाल, नन्दू गौड़, अनिल गुप्ता, रामवृक्ष कनौजिया, आकाश कनौजिया, राजन कसौधन आदि सैकड़ों की संख्या में महिला, पुरूष के साथ बच्चों की उपस्थिति रहीं।

## पति पर मारपीट कर घर से निकलने का आरोप

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव भभीसा निवासी एक महिला ने अपने पति पर मारपीट करते हुए घर से निकालना एवं उसके बच्चे छीन लेने का आरोप लगाते हुए थाने पर आरोपी पति के विरुद्ध तहरीर दी है पुलिस ने जांच कर कार्यवाही का आश्वासन दिया है। बुधवार को थाना क्षेत्र के गांव भभीसा निवासी महिला प्रिया पत्नी राजेंद्र ने बताया कि उसका पति आए दिन पीड़िता का शारीरिक मानसिक उत्पीड़न करता है। पीड़िता के अनुसार कई बार वह अपने मायके में भी चली गई और मायके एवं ससुराल पक्ष के लोगों ने विवाहिता का समझौता भी कराया है। मगर आरोप है कि उसका पति अपनी हरकतों से बाज नहीं आता बुधवार को आरोपी पति ने गाली-गलौज करते हुए जमकर मारपीट की और उसे घर से निकाल दिया आरोपी में उसके दो बच्चे भी छीन कर अपने पास रख लिए हैं। पीड़ित महिला ने आरोपी पति के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने पीड़ित महिला को जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# सिख समाज का प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी से मिला, दी शुभकामनाएं



**वेलकम इंडिया**

**बिजनौर।** जिला गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी और पंजाबी समाज के जिलाध्यक्ष सरदार सतवंत सिंह सलूजा एवं अफजलगढ़ गन्ना सोसायटी के चेयरमैन सरदार मलकीत सिंह के नेतृत्व में सिख समाज के एक प्रतिनिधि मंडल ने नवागत जिलाधिकारी जसजीत कौर, पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा, एसपीआरए राम अर्ज एवं जिला पंचायत अधिकारी दमनप्रीत अरोड़ा से मुलाकात की।

सिक्ख प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी के जनपद आगमन पर उन्हें शुभकामनाएं और बधाई दी। प्रतिनिधि मंडल ने सरदार सतवंत सिंह सलूजा के मार्गदर्शन में जिलाधिकारी को सम्मानित किया और उनके कार्यों के प्रति अपनी शुभकामनाएं व्यक्त की।

जिलाधिकारी जसजीत कौर ने प्रतिनिधि मंडल का स्वागत करते हुए कहा कि वे जिले के विकास और सुधार के लिए सदैव तत्पर रहेंगी। उन्होंने विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करते हुए बताया कि वे प्रशासनिक सेवाओं में बेहतर बदलाव लाने के लिए कृतसंकल्पित हैं। प्रतिनिधि मंडल ने जिलाधिकारी को विश्वास दिलाया कि सिख समाज उनके साथ खड़ा रहेगा और वे मिलकर जनसमस्याओं के समाधान में सहयोग करेंगे। इस मौके पर स्थानीय विकास, शिक्षा और समाज कल्याण के मुद्दे प्रमुख रहे।

प्रतिनिधिमंडल में वरिष्ठ पत्रकार सरदार सतवेन्दर सिंह गुजराल, सरदार हरभजन सिंह अमन, सरदार परवेन्दर सिंह एड०, सरदार गुरमीत सिंह धवन, सरदार गुरनाम सिंह भाटिया, सरदार चरनजीत सिंह मिक्का आदि शामिल रहे।

## जेल गए व्यक्ति ने गलत नाम व वलदीयत का किया प्रयोग, पीड़ित पहुंचा थाने

**कांधला।** थाना पुलिस ने एक बाइक चोर को गिरफ्तार किया था। बाइक चोर ने अपना नाम एवं पिता का नाम गलत पुलिस को बात कर खुद पर मुकदमा दर्ज करा लिया। थाने पहुंचे एक व्यक्ति ने चोर पर उसका नाम एवं पिता का नाम दर्शाकर जाना होना बताया है। पीड़ित व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर दकर मुकदमे से अपना नाम हटाने की गुहार लगाई है।कैराना कोतवाली क्षेत्र के गांव बुधपुरा निवासी मारूफ पुत्र शादीन ने थाने पर पहुंचकर पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि थाने में गत 28 दिसंबर को मुकदमा अपराध संख्या 0475/2024 में बाइक चोरी व बरामदगी का मामला पंजिकृत किया गया थां जिसमें थाने की पुलिस ने पीड़ित का नाम व वलदीय का प्रयोग किया है, साथ ही पुलिस ने उक्त नाम व वलदीयत के व्यक्ति को जेल भेजा जाना भी दशार्या है। जब पीड़ित व्यक्ति को मामले की जानकारी मिली तो हड़कम्प मच गया। पूरे गांव में व्यक्ति को घृणा की नजरों से देखा जाने लगा।

# सड़क पर युवाओं में रील बनाने की होड़ ले रही है खतरनाक रूप

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**



**बरेली।** सोशल मीडिया पर लोकप्रियता हासिल करने के लिए युवाओं की रील बनाने की सनक अब खतरनाक रूप लेती जा रही है। हाल ही में बरेली के दोहरा रोड पर एक दर्जन से अधिक युवाओं का स्टंट और टशन दिखाते हुए वीडियो वायरल हो रहे है। वीडियो में युवाओं ने पुलिस के हूटर वाली लाइट लगी एक कार का इस्तेमाल किया, जिससे यह कानून व्यवस्था का मजाक बनाते हुए नजर आ रहे हैं।

इस वायरल वीडियो में दोहरा रोड पर युवाओं का एक ग्रुप सड़क पर टशन दिखा रहा है। एक कार में पुलिस की हूटर लाइट लगी होने के कारण यह और अधिक विवादित हो गया। ये युवक सड़क पर स्टंट करते और लोगों को परेशान करते हुए दिख रहे हैं। वीडियो कुछ दिन पुराना बताया जा रहा है, जिसे युवाओं ने इंस्टाग्राम पर अपलोड कर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

सड़क पर इस तरह का स्टंट करना न केवल ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन है, बल्कि अन्य वाहन चालकों के लिए भी जानलेवा हो सकता है। लोगों का कहना है कि इस तरह की घटनाएं अक्सर दुर्घटनाओं का कारण बनती हैं, जिससे कई बार गंभीर चोटें या जान-माल का नुकसान होता है। वीडियो में युवाओं द्वारा इस्तेमाल की गई कार में लगी हूटर लाइट सवाल खड़े करती है। यह लाइट केवल पुलिस या अधिकृत वाहनों पर लगाने की अनुमति है। स्थानीय प्रशासन ने इस वीडियो का संज्ञान लिया है और युवकों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

रील बनाने का यह ट्रेंड युवाओं के बीच तेजी से बढ़ रहा है, जहां फेम पाने की लालसा उन्हें जोखिम भरे कदम उठाने के लिए मजबूर कर रही है। विशेषज्ञ इसे एक सामाजिक समस्या मानते हैं, जहां सही मार्गदर्शन की कमी और सोशल मीडिया का दबाव युवाओं को ऐसे खतरनाक कार्यों की ओर धकेल रहा है।

# समाज सेवी वसीम ने गरीबों में वितरित किया कम्बल

**वेलकम इंडिया**



**निजामाबाद आजमगढ़।** आज स्थानीय तहसील मुख्यालय पर समाजसेवी और सपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश सचिव वसीम अहमद द्वारा तहसील अंतर्गत आने वाले दो दर्जन गांवों के लगभग 300 गरीबों को कम्बल वितरित किया गया। कम्बल वितरण कार्यक्रम के पश्चात समाज सेवी वसीम अहमद ने अपने संबोधन में बताया कि कम्बल वितरण का कार्य मेरे द्वारा विगत कई वर्षों से जिले भर में किया जाता रहा है और आगे भी जिले भर मे यह कार्य चलता रहेगा तथा गरीबों की मदद की जाती रहेगी।उन्होंने आगे कहा कि मैं हर वक्त आम जनों की सेवा के लिए हाजिर रहूंगा बस आपलोग मेरे लिए दुआ करते रहिए।इस अवसर पर तहसीलदार निजामाबाद सहित छेत्र के पत्रकारों तथा लगभग 20 ग्राम प्रधानों को माल्यार्पण व शाल पहनाकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का संचालन रिजवान अहमद ने किया जबकि समाज सेवी आरिफ खान ने आये हुए सभी लोगों को धन्यवाद ज्ञापित किया।इस अवसर इमरान अहमद, नगरपंचायत अध्यक्ष अलाउद्दीन, डाक्टर जीशान, भान मौर्य, रिजवान अहमद, मोहम्मद माजिद, गुड्डू यादव, साजिद अरशद, मधुसूदन पांडेय, गालिब शेख, अरशद खान, शाहनवाज खान संतोष मिश्र, वीरेंद्र मिश्रा, संतोष गौड़, राकेश पाठक पाठक, खलिकउज्जमान, जफर आदि मुख्य लीगों के अतिरिक्त आमजन भारी संख्या में उपस्थित रहे।

# साथी फाउंडेशन धामपुर ने किया शुभम वालिया का अभिनन्दन



**वेलकम इंडिया**

**धामपुर।** हाल ही में शुभम वालिया को स्वामी विवेकानंद यूथ आईकॉनिक अवार्ड 2025 से नई दिल्ली में मंच संचालन और समाजसेवा के क्षेत्र में सम्मानित किया गया। जिससे शुभम वालिया के शुभचिंतकों में खुशी की लहर है उसी के निमित्त धामपुर में रोमियो डांस इंडिया डांस ग्रुप के मैं हिंदुस्तान हूं कार्यक्रम के आयोजन में साथी फाउंडेशन धामपुर के संयोजक सुहैल डिजाइनर द्वारा शुभम वालिया का अभिनन्दन किया गया। सुहैल डिजाइनर ने कहा कि शुभम वालिया को पूर्व में भी मंच संचालन के क्षेत्र राज्य सरकार द्वारा भी सम्मानित किया जा चुका है साथी ही उनके द्वारा युवा चेतना संगठन के माध्यम से 10 हजार पौधारोपण किए हैं, इस अवसर पर पूर्व विधायक डा० इंद्रदेव सिंह, कोरियोग्राफर रोमियो मयूर, दिपेंद्र सिंह चौहान, डा० अर्जुन सिंह, डा० मुद्दसिर खान, नाजिम अहमद, दिनेश चंद्र नवीन, कुंवर आशीष राजपूत, ऐश्वर्या चौधरी, मीनू सिसोदिया, बबीता गुप्ता, दिव्या खान, गरिमा सिंह, बबीता रानी, अनुपमा, सरदार गुरदीप सिंह चावला, शिवेन्द्र अग्रवाल आदि उपस्थित रहे, शुभम वालिया ने सबका आभार प्रकट किया।

# बार एसोसिएशन की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह

**वेलकम इंडिया**



**टांडा जिला रामपुर।** बार वेलफेयर एसोसिएशन तहसील टांडा की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह बुधवार को तहसील सभागार में आयोजित हुआ।जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर बार कौंसिल ऑफ यूपी के पूर्व चेयरमैन श्रीष कुमार मेहरोत्रा एडवोकेट ने शिरकत की।सर्वप्रथम स्थानीय अधिवक्ताओं ने मुख्य अतिथि का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।तत्पश्चात कार्यक्रम के मुख्य अतिथि द्वारा नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।समारोह में बार-बेंच के बीच बेहतर तालमेल बनाने पर जोर दिया गया।

अध्यक्ष पद पर कुंवर संजय सिंह, महासचिव पद पर मुबस्सर अली, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर जसपाल सिंह, कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर धर्मवीर सिंह, सचिव प्रशासन पद पर तेजवीर सिंह, संयुक्त सचिव पद पर अनीस अहमद, कोषाध्यक्ष पद पर प्रभु सिंह ने और पुस्तकालय अध्यक्ष पद पर कादिर अली ने शपथ ली। इस अवसर पर श्रीष कुमार मेहरोत्रा ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों सहित समस्त अधिवक्ताओं से बार-बेंच के बीच बेहतर तालमेल बनाते हुए वादकारियों को समय से सुलभ न्याय दिलाने का आह्वान किया।

तहसीलदार शिव कुमार शर्मा ने कहा कि बार-बेंच के बेहतर तालमेल से वादकारियों को समय पर न्याय मिलना सुनिश्चित होता है। नवनिर्वाचित अध्यक्ष कुंवर संजय सिंह ने सभी अधिवक्ता साथियों को साथ लेकर वादकारियों के हित में काम करने की बात कही। कार्यक्रम को अधिवक्ता जफर उद्दीन खां, पूर्व अध्यक्ष अनिल भारद्वाज आदि ने भी सम्बोधित किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी कुमार गौरव तथा संचालन समर सिंह चौहान ने किया।

## सीएचसी गढ़मुक्तेश्वर पहुंची आठ सदस्यों की टीम ने किया असेस्मेंट



**हापुड़।** जनपद की तहसील गढ़मुक्तेश्वर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के कायाकल्प को लेकर अलीगढ़ मेरठ हापुड़ तीन जनपदों से पहुंची आठ सदस्यों की टीम के द्वारा असेस्मेंट किया गया। टीम के द्वारा असेस्मेंट के दौरान वार्डों में साफ सफाई, दवाइयां के वितरण एवं दवाइयों के रखरखाव, नर्सिंग रूम, सहित सभी स्वास्थ्य सेवा व्यवस्थाएं चुस्त-दुरुस्त पाई गई। जिसके चलते स्कोर 80 को पार करने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉक्टर आनंदमणि के द्वारा सभी स्वास्थ्य कर्मियों को स्कोर का श्रेय देते हुए आभार व्यक्त किया गया।

## भुईयन देवी सेवा समिति के आयोजन में भक्तों ने लिया हिस्सा



**लखनऊ।** राम लला के प्राणप्रतिष्ठा के स्थापना दिवस पर भुइयन देवी सेवा समिति ने एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर सुंदरकांड का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने भाग लिया। कार्यक्रम में भुइयन देवी सेवा समिति के सभी पदाधिकारियों ने सहयोग और हिस्सा लिया। समिति के सदस्यों ने सुंदरकांड व भोग प्रसाद भंडारे का आयोजन किया, जिसमें सभी उपस्थित लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। यह कार्यक्रम कटरा मकबूल गंज, लखनऊ में आयोजित किया गया था। भुजनिय देवी सेवा समिति के इस आयोजन ने भक्तों को एक साथ आने और अपनी भक्ति को प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान किया।

## महाविद्यालय में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन

**कांधला।** कस्बे के रेलवे रोड स्थित राजकीय महिला महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत ऑनलाइन पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विजयी छात्राओं को सम्मानित किया गया। नगर के राजकीय महिला महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत ऑनलाइन पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

# दो किलो 906 ग्राम गांजा के साथ एक गिरफ्तार



**वेलकम इंडिया**

**सासनी।** पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा के आदेशानुसार अवैध मादक पदार्थों की बरामदगी एवं तस्करी के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक हाथरस के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण में थाना सासनी पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान कार्यवाही करते हुए एक अभियुक्त को नगला पोपा गेट से सासनी की तरफ से नशीला पदार्थ (गांजा) सहित गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई है। जिसके कब्जे से 2 किलो 906 ग्राम गांजा बरामद हुआ है। अभियुक्त अनिल कुमार उर्फ बौबी पुत्र प्रमोद कुमार निवासी कौमरी की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना सासनी पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

# अपहरण कांड के दो फरार बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**



**बरेली।** भोजीपुरा और देवरनिया थानों की संयुक्त पुलिस टीम ने जनपद बांदा में हुई अपहरण की घटना में वांछित दो अभियुक्तों को मुठभेड़ के दौरान घायल अवस्था में गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से दो तमंचे, जिंदा कारतूस, बिना नंबर की मोटर साइकिल, दो मोबाइल फोन, और अपहृत से छीनी गई चैन व अंगूठी बरामद हुई हैं।

जनपद बांदा के थाना कोतवाली नगर में अपहृत हरीश कटियार पुत्र गंगासरन कटियार के अपहरण का मामला पंजीकृत था। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि वांछित अभियुक्त भोजीपुरा और देवरनिया क्षेत्र में छिपे हुए हैं। जिसके बाद बुद्धवार सुबह पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर सेमीखेड़ा फाटक और भोपतपुर मार्ग पर घेराबंदी की। इस दौरान अभियुक्तों ने पुलिस पर फायरिंग की। आत्मरक्षार्थ की गई जवाबी फायरिंग में दोनों अभियुक्त घायल हो गए और उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त रजत उर्फ उमेश और खेमेन्द्र हैं। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया है कि अपहृत हरीश कटियार का अपहरण उनके चचेरे भाई अनूप कटियार के कहने पर किया गया था। योजना के अनुसार, हरीश को बहाने से अपने साथ ले जाकर अपहरण करना था, लेकिन योजना फेल होने पर उन्होंने हरीश को जबरदस्ती उठा लिया।

इस कार्रवाई में पुलिस टीम के दो सदस्य भी घायल हुए हैं। सभी घायलों को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया है। पुलिस ने मामला पंजीकृत कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## दो लोगों पर खेत पर खड़ी फसलपर ट्रैक्टर चलाने का आरोप मुकदमा दर्ज

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव भभीसा में दबगों ने किसान के खेत पर खड़ी गेंहू की फसल पर जबरन ट्रैक्टर चलाकर नष्ट कर दिया है। पीड़ित व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाही की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाही शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के गांव भभीसा निवासी जसवीर ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि अपने खेत में परिवार के भरण पोषण करने के लिए गेंहू की फसल को बो रखा था। गत रविवार को गांव के ही धमेन्द्र व सत्यवीर ने परिवारिक रंजिश के चलते खेत पर जाकर गेहूं खडी तीन बीघा फसल पर ट्रैक्टर चलाकर नष्ट कर दिया। जब पीड़ित को मामले की सूचना मिली तो पीड़ित व्यक्ति ने मौके पंहुचकर उक्त लोगों का विरोध शुरू कर दिया और रोकने का प्रयास किया। लेकिन आरोपी पक्ष की दबंगता के सामने पीड़ित किसान की नही चली। आरोप है कि उक्त लोगों ने पीड़ित किसान को मौके से नही जाने पर हत्या की धमकी दी।

# ट्रेन से कटकर टाण्डा निवासी व्यक्ति की मौत

**वेलकम इंडिया**



**टाण्डा जिला रामपुर।** मुरादाबाद के थाना भगतपुर अंतर्गत रोशनपुर रेलवे स्टेशन के तहत जालपुर हॉल्ट के पास ट्रेन से कटकर नगर निवासी 30 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई।सूचना मिलने के बाद पहुंची पुलिस ने शव को कब्जा में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आशंका व्यक्त की जा रही है कि व्यक्ति ने ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या की है।उसकी जेब से 18 जनवरी का लिखा एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है।व्यक्ति की मौत से परिवार में कोहराम मचा है।

नगर के मोहल्ला नवाबपुरा निवासी मोहम्मद सलीम (30) पुत्र अब्दुल हमीद बाल कटिंग का कार्य करता था।बताते हैं कि वह बुधवार को अपरान्ह तीन बजे अपने घर वालों से थाना भगतपुर अंतर्गत ग्राम जाहिदपुर स्थित अपनी ससुराल बाइक द्वारा जाने की बात कहकर गया था।शाम चार बजे रोशनपुर रेलवे स्टेशन के तहत जालपुर हॉल्ट के पास ट्रेन से कटकर उसकी मौत हो गई। हादसा मुरादाबाद से काशीपुर जाने वाली ट्रेन से हुआ है। बताया जा रहा है कि उसने आत्महत्या की है।उसकी बाइक वहीं पास ही खड़ी पाई गई है।मृतक सलीम की जेब से एक सुसाइड नोट भी मिला है।जिसपर 18 जनवरी की तिथि अंकित है।जिसके आधार पर उसकी पहचान हुई।सुसाइड नोट में लिखा है कि जो कुछ मैं कर रहा हूँ उसका खुद जिम्मेदार हूँ।मेरे दोनों बच्चों की देखरेख मेरा छोटा भाई नईम करेगा।मेरी बीवी पूरी तरह से आजाद है।वह चाहे तो अपने घर पर रह सकती है।उसको मेरी तरफ से आजादी है।मेरी सारी गलती को माफ कर देना।आपका अपना मोहम्मद सलीम।

सूचना पर थाना भगतपुर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जानकारी घर वालों को दी।सूचना पर घर वाले भी मौके पर पहुंच गए।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा दिया है।पुलिस का कहना है कि बरामद सुसाइड के आधार पर प्रथमदृष्टया व्यक्ति के आत्महत्या करने की बात सामने आयी है। हालांकि फिलवक्त आत्महत्या के पीछे के कारणों की जानकारी नहीं हो सकी है।मोहम्मद सलीम की लगभग 8 वर्ष पूर्व शादी हुई थी।उसकी पांच साल की एक बेटी और तीन साल का एक बेटा है।सलीम की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ हर्षोल्लास पूर्वक मनाई



**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**

**बरेली।** अयोध्या में 22 जनवरी 2024, को राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा हुई थी, बुधवार को 22 जनवरी के दिन जिले में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को एक साल पूरा होने पर बड़ी संख्या में रामभक्तों ने राम मंदिर की वर्षगांठ पूरे हर्षोल्लास से मनाई। अयोध्या के राम मंदिर की वर्षगांठ के उपलक्ष्य में सीबीगंज क्षेत्र के खडौआ गांव में बरेली के सांसद छत्रपाल गंगवार भी एक कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस कार्यक्रम में राम मंदिर की वर्षगांठ के उपलक्ष्य पर हलवा चना बाँट कर राम भक्तों ने अपनी खुशी को एक दूसरे के साथ साझा किया, इस अवसर पर बड़ी संख्या में राम भक्त उपस्थित रहे, बरेली के सांसद छत्रपाल गंगवार ने गरीब निसहाय लोगों को गर्म कपड़े भी वितरित किये। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रमोद गंगवार, गौरव गंगवार, शिशुपाल गंगवार, डॉ विक्की कश्यप, सूरज पाठक, अनिल गंगवार आदि का विशेष सहयोग रहा। एक अन्य कार्यक्रम में सीबीगंज क्षेत्र के मथुरापुर में सांसद छत्रपाल गंगवार का पुष्प मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया।

# खेल कुंभ में ले रहे हैं छात्र-छात्राएं बढ़-चढ़कर हिस्सा

वेलकम इंडिया




**मेरठ।** मेरठ अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मेरठ महानगर द्वारा नगर खेल कुंभ के चौथे दिन मार्शल आर्ट व कुश्ती दो प्रतियोगिताओं का आयोजन चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय में किया गया।जिसमें मुख्य अतिथि चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉक्टर धीरेंद्र कुमार, मुख्य वक्ता मेरठ प्रांत के प्रांत संगठन मंत्री तरुण सिंह, प्रांत खेलो भारत संयोजक ध्रुव गोस्वामी, महानगर अध्यक्ष धर्मेंद्र अहलावत, महानगर मंत्री अभिषेक गोयल एवं छात्रा प्रतिनिधि निधि आदि सभी ने मां सरस्वती एवम स्वामी विवेकानंद जी के सम्मुख दीप प्रजनन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

महानगर अध्यक्ष डॉ धर्मेन्द्र अहलावत ने स्वागत भाषण दिया।

मुख्य वक्ता तरुण सिंह ने बताया अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है।जो छात्र हित के साथ साथ समय समय पर सामाजिक एवम राष्ट्रीय हित में अपना योगदान देता है।इस समय खेलो भारत के माध्यम से केवल मेरठ मै ही नहीं बल्कि पूरे देश भर में नगर खेल कुंभ का आयोजन किया जा रहा है। महानगर मंत्री अभिषेक गोयल ने बताया कि मार्शल आर्ट व कुश्ती दो प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। मार्शल आर्ट में कुल 193 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया ।जिसमें 117 छात्र व 76 छात्रा उपस्थित रही। छात्रों मैं प्रथम स्थान पर गीतांजलि पब्लिक स्कूल के छात्र लक्ष्य सिंघल व द्वितीय स्थान पर जे एस इंटरनेशनल स्कूल के छात्र आर्यन ने प्राप्त किया। एवम छात्राओं मै प्रथम स्थान पर के डी पब्लिक स्कूल की छात्रा नंदनी रही वही दूसरे स्थान पर विकास पब्लिक स्कूल की छात्रा माही ने प्राप्त किया। कुश्ती में कुल 43 छात्रा खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया जिसमें प्रथम स्थान सिया ने प्राप्त किया वहीं दूसरे स्थान पर वंशिका ने व तीसरा स्थान पर कनक ने प्राप्त किया। मुख्य रूप से अनुज, ध्रुव गोस्वामी, अभिषेक गोयल, शानू अंबेडकर, वरुण राणा, संध्या, हर्ष ,अरुण, ब्रजेश, लक्ष्य, दीपक आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## रनिंग कर्मचारियो के उत्पीढन के खिलाफ काली पट्टी बांध कर बिरोध प्रर्दशन किया

झांसी ! मण्डल मे आज आर के दुबे के संरक्षण मे आल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसियेशन और आल इण्डिया गार्डस काउंसिल के तत्वाधान मे भारतीय रेलवे मण्डल की समस्त सम्मिलत लाबी मे ळ,अ के अनुपात में रनिंग एलांऊस मे 25 % की बृदि से इंकार करने ब सौतेले व्योहार रनिंग कर्मचारियो के उत्पीढन के खिलाफ काली पट्टी बांध कर बिरोध प्रर्दशन किया जिसमे बेद प्रकाश नामदेब संतोष सिह प्रदीप कुशबाहा एच आर मंसूरी जहार सिह अनूप अग्रबाल मोहम्मद असलम रहमत अली दीपक साहू अमित सिह यादव अमर गुप्ता कैलाश अग्रबाल चेतन साहू पंकज दिंबेदी मंगल यादव सहित सैकडो की संख्या मे लोको पायलट सहायक लोको पायलट ट्रेन मैनेजर आदि उपस्तिथ रहे।

## राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर एस एस हॉस्पिटल में सुंदरकांड पाठ आयोजित

निर्मल सैनी वेलकम इंडिया



**मलिहाबाद, लखनऊ।** अयोध्या में श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ के अवसर पर एस एस हॉस्पिटल में सुंदरकांड पाठ आयोजित।

आपको बता दें कि क्षेत्र में अयोध्या में मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर पूरे क्षेत्र का माहौल राम मय रहा। श्रद्धालुओं ने भव्य उत्सव मनाया। ग्रामीण अंचलों तक के मंदिरों में भजन कीर्तन के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। प्रमुख चौराहों पर श्रीराम के मधुर भजन से वातावरण भक्तिमय रहा।जगह जगह चौराहों पर भंडारे एवं प्रसाद वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें बढ़ चढ़कर श्रद्धालुओं ने प्रसाद गृहण किया। श्रीराम लला प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ पर बुधवार को नबीपनाह स्थित एस एस हॉस्पिटल में सुंदरकांड पाठ का आयोजन हुआ।इस मौके पर हॉस्पिटल संचालक श्रीकांत मौर्य समेत समस्त स्टाफ मौजूद रहा।सुंदरकांड पाठ के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया।श्रीकांत मौर्य ने कहा कि आज का दिन बड़ी ही खुशी का दिन है।

## गुरु हरकिशन महाविद्यालय की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता ( गूंज) का किया गया शुभारंभ



वेलकम इंडिया

**झांसी!** आज गुरू हरकिशन महाविद्यालय की वार्षिक खेलकूदं प्रतियोगिता (गूंज) का शुभारम्भ महाविद्यालय की प्राचार्या डा० जय दासनी ने संत प्रनपाल सिंह पिताजी के चित्र पर पुष्पांजली अर्पित व मशाल प्रज्जलित कर किया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्या डा० जयश्री दासानी ने छात्र/छात्राओं से पढाई के साथ रचनात्मक कार्यों में आगे आने का आव्हान किया कार्यक्रम समन्व्यक डा० सुधीर त्रिपाठी ने प्रतिभागीयों से खेल भावना के साथ प्रतिभाग करने का आव्हान किया आज हुई प्रतियोगिताओं वॉलीबॉल (पुरूष वर्ग) मे पहला मैच बी०कॉम ए बी०कॉम बी के बीच खेला गया जिसमें बी०कॉम ए की टीम 15-.7.15-6, से विजयी रही द्वितीय मैचं बी०कॉम बी व बी०कॉम द्वितीय वर्ष के मध्य खेला गया जिसमें बी०कॉम द्वितीय वर्ष 15-13,15.-9 से विजयी रही। कृष्णा पांडे मौसम यादव, नमन, साहिल यादच के खेल की सभी सराहना की।

## श्रीराम प्राणप्रतिष्ठा दिवस पर निकाली गई श्रीराम शोभायात्रा

वेलकम इंडिया



**बुलंदशहर।** अयोध्या में श्रीराम प्राणप्रतिष्ठा के एक वर्ष पूर्ण होने के सुअवसर पर गंगेरुआ ग्राम में भव्य श्रीराम शोभायात्रा निकली गई सुसज्जित रथ पर आरूढ़ रामचंद्र, जानकी, लक्ष्मण और हनुमान के स्वरूपों का तिलक लगाकर सत्कार किया।विभिन्न जातिझ्रधर्मों के लोगों में एकता की मिसाल को अपने कलेवर में समेटे गंगेरुआ ग्राम में सभी समुदाय के लोगों ने शोभायात्रा का जगहझ्रजगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया इस अवसर पर वकील अमित राणा ने कहा की ने कहा कि श्रीराम के जीवन से प्रेरणा लेकर लोग विद्वेष, दलगत और जातीय भावनाओं से ऊपर उठकर राजनीति करें प्रजा के सभी वर्ण और वर्गों के प्रत्येक व्यक्ति के साथ सामान व सद्भावपूर्ण व्यवहार ही शासक का कर्तव्य है। यही शिक्षा हमें श्रीराम के जीवन और शाशनकाल से प्राप्त होती है शोभायात्रा गांव गंगेरुआ प्रारंभ होकर आस-पास के सभी गांव में निकली गई और फिर समापन भी गंगेरुआ गांव में किया गया इस शुभ अवसर पर एडवोकेट अमित राणा कासी राठौड़ विपिन विश्वजित मुनेश गोरव आदि मौजुद रहे तथा इस दौरन स्थानिय प्रशासन का भी पूर्ण सहयोग रहा

## एक वर्ष पूर्ण होने पर कृषक रामलीला चकिया के सदस्यों के द्वारा प्रभु श्री राम लक्ष्मण जानकी हनुमान जी निकाली गई झांकी



वेलकम इंडिया

**वाराणसी।** मिजार्पुर स्थित मझवां विकासखंड के ग्राम सभा चकिया के तत्वाधान में कृषक रामलीला समिति के द्वारा प्रभु श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर एक वर्ष पूर्ण होने पर कृषक रामलीला चकिया की सदस्यों के द्वारा प्रभु श्री राम लक्ष्मण जानकी हनुमान जी एवं विभिन्न देवताओं के रूप को सजाकर पूरे गांव में घुमाया गया इस झांकी का संचालन कृषक रामलीला समिति के सदस्यों के द्वारा किया गया। जिसमें सभी ग्राम वासियों ने अपना भरपूर सहयोग दिया और गांव के हर वर्ग एवं उम्र के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया समिति के सदस्यों में काफी हर्षो उल्लास का माहौल रहो इसमें मुख्य रूप से पप्पू मलिक, दुर्गा प्रसाद विश्वकर्मा , भोलू राम पटेल, सुनील कुमार प्रजापति , दिलीप कुमार पटेल, चंदन पटेल , फूलज्ञान प्रसाद पटेल , दयाशंकर पटेल , उमेश कुमार केसरी एवं समस्त ग्राम सभा चकिया के सम्मानित नागरिक रहे।

## भारत के प्रथम क्रांतिकारी शहीद मजनू शाह मलंग को भारत रत्न मिले




वेलकम इंडिया

**झांसी!** सर्व समाज फाऊंडेशन इंडिया के जिलाध्यक्ष राशिद खान के नेतृत्व में 7 सूत्रीय ज्ञापन राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी झांसी के माध्यम से दिया गया जिसमें 1प्रथम क्रांतिकारी शहीद मजनू शाह मलंग को भारत रत्न से सम्मानित किया जाए, 2 झांसी में शहीद मजनू शाह मलंग के नाम से शहीद चौक बनाया जाय, 3 शहीद मजनू शाह मलंग के नाम से मेडिकल कॉलेज अस्पताल बनवाया जाय, 4 शहीद मजनू शाह मलंग के नाम से धर्मशाला का निर्माण किया जाय, 5 मजनू शाह मलंग की समाधि का निर्माण कर सुंदरीकरण कराया जाए, 6 शहीद मजनू शाह मलंग के नाम से ट्रेन चलाई जाय, एवं 7 सर्व समाज फाऊंडेशन इंडिया को सरकारी योजनाओं में शामिल किया जाए इन सात मांगों को आज जिलाधिकारी झांसी के माध्यम से माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू को संबोधित एक ज्ञापन दिया गया।

## बाइक के धक्के से अधेड़ घायल

**मिजार्मुराद(वाराणसी)।** क्षेत्र के बिहडा गांव के समीप मंदिर के सामने मंगलवार की रात्रि में नाले में गन्दा पानी फेकने जा रहे अधेड़ सेचन पाल उम्र (52 वर्ष) को औराई की ओर से आ रहे बाइक सवार ने धक्का मार दिया। जिससे सेंचन अपनी दुकान के सामने सर्विस रोड गिर पड़ा जिसके कारण उसका दाहिना पैर टूट गया। बाइक सवार भी गिर पड़ा।मौके पर पहुँचे परिजनों ने घायल को स्थानीय बाजार स्थित एक फैक्चर क्लिनिक में इलाज हेतु भर्ती कराया।घटना का कारण बाइक का रफ़्तार तेज होना बताया गया।परिजनों ने बाइक को कब्जे में ले लिया। ईलाज के खर्च की भरपाई पर बाइक सवार को छोड़ा।

## फ्रिज में शार्ट सर्किट के कारण लगी आग से घर का सामान जला

निर्मल सैनी वेलकम इंडिया




**रहीमाबाद, लखनऊ।** बरौकी गांव में एक मकान में फ्रिज में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई।आग के कारण मकान में रखा लाखों का सामान जलकर राख हो गया।ग्रामीणों ने आसपास से बाल्टियों व अन्य सामान में पानी डालकर आग पर काबू पाया।

आपको बता दें कि रहीमाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत गोड़वा बरौकी के बरौकी गांव निवासी देशराज के घर में अचानक फ्रिज में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई। गनीमत यह रही कि उस समय घर पर कोई नहीं था।सभी लोग पास के ही गांव में भंडारे में शामिल होने गए थे।जिसकी वजह से बड़ा हादसा होते होते टला।पड़ोसियों ने आग लगने की सूचना देशराज को दी। कुछ देर बाद वह मौके पर पहुंचे।देशराज ने ग्रामीणों के साथ मिलकर बाल्टियों व संसाधनों से लगभग 45 मिनट की कड़ी मेहनत के बाद आग पर काबू पाया परंतु तब तक आग से लगभग सारा सामान जलकर राख हो गया। इससे हजारों रुपये का नुकसान हुआ है।

## बिजली की समस्याओं के लिए विभाग ने बनाया हैल्प डेस्क हुआ धराशाई

वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली।** बिजली विभाग ने अब बिजली उपभोक्ताओं की समस्या के लिए जिले स्तर पर एक नया हेल्प डैस्क गठित किया है। जिसके तहत बरेली के किसी भी कोने में निवास कर रहे उपभोक्ताओं द्वारा बिजली से जुड़ी किसी भी समस्याओं को लेकर पहले उन्हे सीधे हेल्प डैस्क पर कॉल करना होगा। अपने निवास, फोन नम्बर के साथ उपभोक्ता आई डी बताने के बाद ये हेल्प डैस्क उपभोक्ता की समस्या के समाधान के लिए सम्बंधित बिजली उपकेंद्र से सम्पर्क करेगी और उपभोक्ता की समस्या का निदान करेगी।इस व्यवस्था का चलन हाल ही में किया गया है, अब से पहले यदि किसी क्षेत्र में बिजली का कोई फाल्ट हुआ करता था तो उपभोक्ता सीधे बिजली घर से सम्पर्क किया करते थे तभी उनकी समस्या का निस्तारण हो जाता था लेकिन अब बिजली विभाग द्वारा हेल्प डैस्क का गठन कर दिया गया है इस हेल्प डैस्क से आम बिजली उपभोक्ताओं को कितनी राहत मिलेगी इस बात का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि मंगलवार रात से सीबीगंज के सर्वोदय नगर कॉलोनी में एक फाल्ट हो जाने के बाद क्षेत्रवासियों ने स्थानीय बिजली घर से लेकर बिजली विभाग के हेल्प डेस्क नंबर और 1912 पर फोन कर अपनी शिकायत दर्ज कराई बावजूद इसके बुधवार शाम तक बिजली आपूर्ति ठीक नहीं हो सकी, वहीं क्षेत्र वासियों ने परेशान होकर सोशल मीडिया हैंडल एक्स ऊर्जा मंत्री ए के शर्मा को अपनी समस्या को लेकर ट्वीट भी किया, इसके बाद ऊर्जा मंत्री ए के शर्मा के ट्विटर हैंडल से यूपीपीसीएल को उपभोक्ताओं की समस्या के निस्तारण के लिए लिखा गया फिर भी बिजली विभाग के आला अधिकारी खबर लिखे जाने तक इस फाल्ट को सही करने में नाकाम रहे।कुछ क्षेत्रवासियों ने अधिशासी अभियंता को भी फोन लगाया लेकिन अधिशासी अभियंता भी इधर-उधर की बात करते रहे। अब देखना होगा कि ऊर्जा मंत्री यूपीपीसीएल अधिशासी अभियंता सभी स्तर पर शिकायत होने के बाद भी आखिर कब तक सर्वोदय नगर कॉलोनी के लोगों को बिजली आपूर्ति हो सकेगी।



# आपदा सरकार के झूठे वायदों को उजागर कर बनायेंगे दिल्ली भाजपा सरकार: प्रदीप चौधरी

वेलकम इडिया



**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के महानगर भाजपा संगठन अध्यक्ष संजीव शर्मा की प्रेरणा और सांसद अतुल गर्ग के आह्वान पर गाजियाबाद से महानगर मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी टीम सहित रोहतास नगर विधानसभा में भाजपा प्रत्याशी जितेंद्र महाजन के समर्थन में प्रचार अभियान के लिए पहुंचे।

टीम में महानगर मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी, गोविंदपुरम मंडल के अध्यक्ष अमित रंजन, मंडल के पूर्व महामंत्री संजय कौशिक और सोनू भाटी चुनाव प्रचार में एक साथ जुटे रहे।

चुनाव प्रचार की शुरूवात में प्रदीप चौधरी टीम के साथ अशोक नगर में अपने सगे संबंधियों से घर में बैठकर, गली में डोर-टू-डोर प्रचार कर अभियान चलाया। आगे के क्रम में अशोक नगर में वार्ड संख्या 221 की पार्षद रीना माहेश्वरी की टीम के साथ मिलकर भाजपा कार्यकताओं ने जनता से संवाद किया और प्रत्याशी जितेंद्र महाजन को विजयी बनाने की अपील की। इस दौरान स्थानीय निवासियों से आपदा सरकार के झूठे वायदे की चर्चा करते हुए भारतीय जनता पार्टी की नीतियों और विकास कार्यों को लेकर चर्चा की गई। तुलनात्मक अध्ययन कराने के बाद स्थानीय लोगों से इस बार भाजपा सरकार लाने की अपील की।

इस दौरान प्रदीप चौधरी ने एनसीआर के सभी भाजपा कार्यकताओं से अपने सगे, संबंधियों, मित्रों और शुभचिंतकों को भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान कराने की अपील की तथा रोहताश नगर विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी जितेंद्र महाजन के पक्ष में मतदान करने का आह्वान किया। टीम ने क्षेत्र में सकारात्मक माहौल तैयार करते हुए भाजपा के प्रति विश्वास और समर्थन को मजबूत किया।

चुनाव प्रचार के दौरान मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी ने अशोक नगर में रहने वाले अपने सगे संबंधी नानक चंद उर्फ मिंटू वर्मा, गौरा और सागर वर्मा व उनके समस्त परिवार जनों से भाजपा को वोट की अपील की। तदोपरांत अशोक नगर मंडल अध्यक्ष संजय पांचाल और मंडल पदाधिकारियों, शक्तिकेंद्र प्रमुख, वार्ड समिति अध्यक्ष तथा मंडल वार्ड 221 की पार्षद रीना महेश्वरी, जिला व्यापार संयोजक मुकेश सिंघल से संगठनात्मक चर्चा वार्ता कर बूथों की यथास्थिति का जायजा लेकर अनुभव के आधार पर उनका कार्य और दुरुस्त किया।

इस दौरान साथ में जिला मंत्री रीना सेठ, बौद्धराज भट्ट, ए एस रावत, प्रमोद जैन, हेमा शर्मा, रविंद्र शर्मा, शिवकुमार, रजनीश महेश्वरी, रजनीश राणा, सोनू अरोड़ा, मनीष जैन, पंकज गुप्ता, अभिषेक रोहिला, सतीश शर्मा, राजकुमार शर्मा, मनोज शर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष अनिल कटारिया आदि मौजूद रहे।

# श्री राम मंदिर की प्रथम वर्षगांठ पर सुंदरकांड पाठ का आयोजन



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** श्री राम मंदिर की प्रथम वर्षगांठ पर माहेश्वरी समाज, मोदीनगर एवं महिला मंडल द्वारा सेठ विनोद माहेश्वरी जी के संरक्षण में सेठ जी की धर्मशाला रेलवे रोड में सुन्दरकांड पाठ का आयोजन किया गया जिसमें समस्त माहेश्वरी परिवारों ने भाग लिया और भरपूर आनंद उठाया, सुंदरकांड के पश्चात 151 दीप प्रजलित किए गए। इस मौके पर माहेश्वरी समाज के संरक्षक सेठ विनोद माहेश्वरी, अध्यक्ष गौरव माहेश्वरी, उपाध्यक्ष महेश माहेश्वरी सचिव रामबाबू माहेश्वरी, कोषाध्यक्ष ललित माहेश्वरी, संगठन मंत्री सुरेश माहेश्वरी एवं समस्त कार्यकारिणी सदस्य, मनोज, निकुंज, कुलदीप, प्रवीण, हिमांशु, अमित, ललित, लोकेश, संदीप, रामअवतार, मनोज, रचित, रितिक मौजूद रहे।

## नींव द स्कूल मे राम स्थापना की पहली वर्षगांठ पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** 'नींव द स्कूल', मोदीनगर मे राम स्थापना की पहली वर्षगांठ पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गये। इस सभा का आरंभ सचिव अमित अग्रवाल डायरेक्टर जनरल डॉक्टर अपर्णा शर्मा एवं वाइस प्रिंसिपल श्रीमती रोमी शर्मा द्वारा सरस्वती मां के समक्ष दीपक प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में प्रातः सभी छात्र-छात्राओं ने श्री राम स्तुति व हनुमान चालीसा का गायन किया। छात्र-छात्राओं ने विभिन्न विभिन्न प्रकार की रंगोली भी बनाई। इसी के साथ सभी उपस्थित शिक्षकगण ने श्री राम जी की जीवन शैली से संबंधित अपने-अपने विचार प्रस्तुत किये।

जिसमें कहा गया कि नींव द स्कूल आशा करता है कि प्रभु श्री राम की जीवन शैली से प्रभावित होकर सभी छात्र-छात्राएं व शिक्षकगण अपने जीवन में उनके द्वारा अनुसरण किए हुए सिद्धांतों को सीखने एवं अपनाने का प्रयास करेंगे। वाइस प्रिंसिपल श्रीमती रोमी शर्मा ने सभी को राम स्थापना की पहली वर्षगांठ की हार्दिक शुभकामनाएं दी।

# नेहरू युवा केंद्र गाजियाबाद के युवाओं ने सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को किया जागरूक : देवेंद्र कुमार

वेलकम इंडिया




**गाजियबाद।** हेलमेट न पहनने और रॉन्ग साइड चलने की सबसे अधिक शिकायतें पाई गई नेहरू युवा केंद्र गाजियाबाद तथा मेरा युवा भारत गाजियाबाद, खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा यातायात पुलिस के साथ मिलकर चलाए जा रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान में युवाओं ने लोगों को जागरूक करने में अहम भूमिका निभाई है। 17 जनवरी से लगातार सभी युवा गाजियाबाद मे घंटाघर हापुर मोड़ तथा राज चौपला मोदीनगर में यातायात पुलिस के साथ मिलकर लोगों को जागरुक कर रहे हैं। आज नेहरू युवा केंद्र गाजियाबाद के उपनिदेशक श्री देवेंद्र कुमार ने राज चोपला मोदीनगर मे यातायात पुलिस के श्री रईस अहमद सब इंस्पेक्टर ट्रैफिक पुलिस, श्री प्रदीप कुमार हेड कांस्टेबल, मनवीर सिंह हेड कांस्टेबल और श्रीकांत सिंह कांस्टेबल तथा अपने स्वयंसेवकों तालिब, अंजली, राधिका, तानिया तुषार, शुभम, नितिन, अरुण, वैष्णवी के साथ मिलकर लोगों को यातायात नियमों एवं सावधानियां के प्रति जागरूक किया। आज सभी युवाओं ने पाया कि यातायात नियमों में सबसे अधिक लापरवाही युवा वर्ग एवं बुजुर्ग वर्ग हेलमेट न पहनकर तथा तथा रॉन्ग साइड में ट्रैफिक चलते हुए पाए गए। सभी एक बहाना बनाते हुए पाए गए कि हम तो लोकल हैं तथा यहां से थोड़ी ही दूर पर हमें जाना है इसलिए हमने हेलमेट का प्रयोग नहीं किया लेकिन युवाओं ने सभी को बताया कि ऐसा नहीं है लोकल में दुर्घटनाएं नहीं होती हैं यदि कोई दुर्घटना होती है उसमे आपकी जान जा सकती है या कोई शारीरिक क्षति हो सकती है जिससे आपका परिवार मानसिक रूप से तो परेशान होगा ही इसके अतिरिक्त परिवार पर आर्थिक बोझ भी पड़ेगा। युवाओं ने सभी को बड़े अदब व प्यार से हेलमेट पहने तथा रॉन्ग साइड न चलने की सलाह दी। राज चौपला पर उपस्थित सभी यातायात पुलिस कर्मियों को बड़े प्यार से लोगों को समझाते हुए पाया जिसे देखकर सभी युवा बहुत खुश हुए तथा आगे भी इस प्रकार की अपनी सेवाएं देने के लिए प्रेरित हुए।

# सड़क सुरक्षा को लेकर छात्राओं एवं शिक्षिकाओ ने ली शपथ



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** गिन्नी देवी मोदी महिला महाविद्यालय मोदीनगर में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में प्राचार्या प्रोफेसर पूनम शर्मा के निर्देशन में सड़क सुरक्षा से संबंधित एक शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं एवं शिक्षिकाओं ने यह शपथ ली कि दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनेगी तेज रफ्तार से वाहन नहीं चलाएंगे कार चलते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करेंगे आदि प्राचार्या ने छात्राओं को ट्रैफिक नियमों का पालन करने पर जोर देते हुए महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई बी की कार्यक्रम अधिकारी शालू तिवारी एवं इकाई सी की कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती राखी शर्मा ने किया डॉक्टर आशा बंसल डॉ सरिता जैन स्वीटी आदि शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

## एमएसएमई टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट सेंटर द्वारा उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** गिन्नी देवी मोदी गर्ल्स पीजी कॉलेज, में प्राचार्या प्रो. पूनम शर्मा के संरक्षण में छात्राओं हेतु एम.एस.एम.इ. टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट सेंटर के द्वारा उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन प्रोग्राम कोर्डिनेटर ऐशवर्या बहुगुणा गृहविज्ञान विभाग, डॉ.सारिका गर्ग अर्थशास्त्र विभाग, डॉ.आकांक्षा सारस्वत के निर्देशन में सम्पन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. अनिल रॉय दुबे, एच.एन पांडे, संजीव गुप्ता, संजय बत्रा ने छात्राओं को लघु व कुटीर उद्योग के बारे में जानकारी प्रदान करते हुऐ भारतीय सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस कार्यक्रम में समस्त छात्राओं व शिक्षिकाओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभागिता की।

# प्रशासन की अनूठी पहल, देवी मंदिर में दान स्वरूप प्राप्त साड़ियां जरूरतमंदों को वितरित, शराब गड्ढे में दबाई

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,** । तहसील व नगर पालिका प्रशासन की उस अनूठी पहल की शहर में सर्वत्र मुक्त कंठ से सराहना की गई। जिसमें उपजिलाधिकारी डा0 पूजा गुप्ता, विधायक डा0 मंजू शिवाच व नगर पालिकाध्यक्ष विनोद वैशाली ने आयोजित एक कार्यक्रम में ग्राम सीकरी खुर्द स्थित ऐतिहासिक महामाया देवी मंदिर में श्रद्धालु दर्शनार्थियों द्वारा चढ़ाई गई साड़ियां जरूरतमंद महिलाओं को सहायता स्वरूप वितरित कर दी गईं, साथ ही मनोकामनाएं पूर्ण हो जाने पर श्रद्धालु देवी भक्तों द्वारा भैंरो जी की प्रतिमा पर चढ़ाई गई शराब की बोतलों को खोलकर गड्ढ़े में डलवाकर मिट्टी से दबा दिया गया। बताया जाता है कि हजार से अधिक जरूरतमंद महिलाओं को साड़ियां वितरित की गई। साड़ियां पाकर जरूरतमंदों के चेहरे खुशी से खिल उठे।

उल्लेखनीय है कि चैत्र मास के देवी नवरात्रों के दौरान दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, उत्तराखण्ड एवं उत्तर प्रदेश के दूर दराज क्षेत्रों से आने वाले श्रद्धालु दर्शनार्थी चुनरी, नारियल व इलायचीदाने का प्रसाद यहां सीकरी खुर्द के ऐतिहासिक महामाया देवी मंदिर में आकर चढ़ाते हैं तथा नाना प्रकार की मन्नतें बोलते हैं। मन्नतें पूर्ण हो जाने पर श्रद्धालु भक्तगण महामाया देवी मंदिर में मां दुर्गा पर साड़ियां भी चढ़ाते हैं। इसके अलावा कुछ अन्य श्रद्धालु भक्तगण भैरव जी की प्रतिमा पर शराब अर्पितकर शराब की बोतलें वहीं छोड़ देते हैं। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित रहने वालों में नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी नरेंद्र मोहन मिश्रा, राजस्व निरीक्षक अंकित चौधरी, संजय चौधरी, दलित नेता देवपाल हरित सहित अनेक लोग मुख्य थे।

# सुंदरकांड एवं भजन का आयोजन किया



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** वी वी आई पी मंदिर प्रांगण में प्रभु श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूर्ण हो जाने के उपलक्ष में सुंदरकांड एवं भजन का सुंदर आयोजन किया गया। जिसमें वीवीआइपी ऐड्रेसेस के निवासियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और वातावरण भक्ति में हो गया। कार्यक्रम के पश्चात प्रसाद में बूंदी, समोसे एवं चाय का वितरण किया गया। इस मौके पर उमाजी, कल्पना, हेमा राखी, प्रिया वार्ष्णेय रजनी पूनम तोमर, सुषमा आहूजा, अंजू सोलंकी कल्पना गुप्ता राखी सिंह रीति रस्तोगी आदि उपस्थित रहे।

## घर पहुंचा एचएमपीवी का मरीज, स्वास्थ्य विभाग को नहीं मिली जांच रिपोर्ट

**गाजियाबाद।** निजी अस्पताल में भर्ती एचएमपीवी (ह्यूमन मेटान्यूमो वायरस) का संदिग्ध मरीज स्वस्थ होकर घर पहुंच गया है, लेकिन एम्स में भेजे गए ब्लड सैंपल की जांच रिपोर्ट अब तक स्वास्थ्य विभाग को नहीं मिल पाई है। नेहरूनगर के निजी अस्पताल में 93 वर्षीय बुजुर्ग को जनवरी के प्रथम सप्ताह में खांसी, जुकाम और सांस लेने में समस्या होने पर भर्ती कराया गया था। बुजुर्ग अन्य बीमारियों से भी ग्रस्त हैं। एचएमपीवी वायरस का संदिग्ध मरीज मानते हुए उनका सैंपल जांच के लिए दिल्ली एम्स भेजा गया। इलाज के दौरान सुधार के बाद उन्हें वेंटिलेटर से हटा दिया गया। स्वास्थ्य विभाग भी उनकी निगरानी कर रहा था। जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ. आरके गुप्ता ने बताया कि बुजुर्ग को स्वस्थ होने पर छुट्टी दे दी गई है। बुजुर्ग अपने घर पहुंच गया है। उन्होंने बताया कि अभी दिल्ली एम्स भेजे गए सैंपल की जांच रिपोर्ट आना शेष है।

# जेठवारा थानान्तर्गत डेरवा बाबूगंज रोड़ ग्राम भावनपुर के पास अपराधियों की पुलिस से मुठभेड़

विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया

**प्रतापगढ़** । जेठवारा थानान्तर्गत चेकिग दरम्यान इको गाडी रोके जाने पर अपराधियों ने पुलिस पर फायरिग कर हमला नोल दिया। हमले के जवाब मे पुलिस की फायरिग से एक हमलावर घायल हुआ तथा दूसरा पकड लिया गया। प्राप्त सूचनानुसार सदर क्षेत्राधिकारी करिश्मा गुप्ता के नेतृत्व मे थाना जेठवारा पुलिस व स्वाट टीम द्वारा थाना जेठवारा क्षेत्रान्तर्गत डेरवा से बाबूगंज रोड़ ग्राम भावनपुर के पास चेकिंग के दौरान अभियुक्त द्वारा पुलिस टीम पर फायरिंग की गयी। आत्म सुरक्षार्थ पुलिस टीम द्वारा जबाबी फायरिंग में हुई मुठभेड़ में चोरी से संबंधित 01 शातिर अभियुक्त तनुज वर्मा पुत्र हरिकेश वर्मा बहादुर उम्र 20 वर्ष निवासी छीटीपुर थाना लालगंज, प्रतापगढ़ के दाहिन पैर में लगी गोली एवं मौके से 01 अन्य अभियुक्त विशाल पुत्र विजय वर्मा उम्र लगभग 19 वर्ष निवासी छीटीपुर थाना लालगंज, प्रतापगढ़ को गिरफ्तार किया गया है। घायल अभियुक्त तनुज वर्मा उपरोक्त को उपचार हेतु जिला अस्पताल प्रतापगढ़ भेजा गया। अभियुक्तों के कब्जे से 1 अदद तमचा 315 बोर, 1 जिन्दा कारतूस 315 बोर व 01 खोखा कारतूस व चोरी की ईको कार व स्टेशनरी का सामान बरामद किया गया। दिनांक 19.01.2025 को रात्रि में वादी अपनी ईको कार से दूकान का स्टेशनरी का सामान लादकर प्रतापगढ़ ले जा रहा था। थाना जेठवारा क्षेत्रा0 जेठवारा तिराहे पर वादी उक्त कार को खड़ी किया था। इसी बीच अज्ञात व्यक्तियों द्वारा वादी की ईको कार व उसमें लदा स्टेशनरी का सामान चोरी करके ले गये थे। जिसके संबंध में वादी की तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 06/2025 धारा 303(2) बीएनएस बनाम अज्ञात का अभियोग पंजीकृत किया गया था। आज पूछताछ में अभियुक्तगणों द्वारा जुर्म स्वीकार किया गया।



# प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और विकास यात्रा का प्रतीक के रूप में मनाया जायेगा उत्तर प्रदेश दिवस: सीडीओ

**वेलकम इंडिया**



**गाजियाबाद।** 24 जनवरी उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर हिन्दी भवन लोहिया नगर में भव्य समारोह का आयोजन किया जोयगा, यह समारोह 25 जनवरी 2025 (राष्ट्रीय पर्यटन दिवस व मतदाता जागरूकता दिवस) को भी मनाया जायेगा।

इस कार्यक्रम की थीमः विकास व विरासत प्रगति पथ पर उत्तर प्रदेश पर रहेगा। इस अवसर पर राज्यभर में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों, प्रदर्शनी, और हस्तशिल्प मेले का आयोजन किया जायेगा। इसमें राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर, परंपराओं और विकास की उपलब्धियों को प्रदर्शित किया जायेगा। सन-2025 में, यह दिन खास महत्व रखेगा क्योंकि उसी समय प्रयागराज में महाकुंभ मेला 2025 का भी आयोजन किया जा रहा है, जो 13 जनवरी से 26 फरवरी तक चलेगा। महाकुंभ मेला विश्व का सबसे बड़ा धार्मिक आयोजन है। उत्तर प्रदेश दिवस 2025, राज्यवासियों के लिए अपनी पहचान और गौरव को मनाने का एक अद्भुत अवसर होगा। गाजियाबाद में उत्तर प्रदेश दिवस का भव्य आयोजन किया जा रहा है, जो प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और विकास यात्रा का प्रतीक होगा। यह आयोजन सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, जानकारीपूर्ण प्रदर्शनों और उपलब्धियों के सम्मान का संगम होगा। विभिन्न विभागों द्वारा उनकी योजनाओं और उपलब्धियों की प्रदर्शनियां लगाई जायेगी, जो कि उत्तर प्रदेश के विकास और प्रगति को दशाएंगी। इसके साथ ही समाज कल्याण, बालिका दिवस, मिशन शक्ति (प्रोबेशन विभाग), डीआईओएस- अटल बिहारी वाजपेयी शताब्दी वर्ष, उद्योग का ओडीओपी, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस और इन्वेस्ट यूपी जैसे विभागों के विशेष स्टॉल्स लगायें जायेंगे। सरकारी योजनाओं से संबंधित पोस्टर्स भी प्रदर्शित किए जाएंगे। आम जनता, स्कूल, कॉलेज के छात्र-छात्रायें सहित अन्य गणमान्य प्रदर्शनी का अवलोकन कर प्रदेश की प्रगति व योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

इस कार्यक्रम की थीम : विकास व विरासत प्रगति पथ पर उत्तर प्रदेश पर रहेगा। इस अवसर पर राज्यभर में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों, प्रदर्शनी, और हस्तशिल्प मेले का आयोजन किया जायेगा। इसमें राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर, परंपराओं और विकास की उपलब्धियों को प्रदर्शित किया जायेगा। सन 2025 में, यह दिन खास महत्व रखेगा क्योंकि उसी समय प्रयागराज में महाकुंभ मेला 2025 का भी आयोजन किया जा रहा है।

उत्तर प्रदेश की विविध संस्कृति को दशार्ने वाले 7 शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। प्रगति पथ पर उत्तर प्रदेश प्रदेश की परंपराओं और आधुनिकता के बीच संतुलन को दशार्ती है। यह आयोजन प्रदेश की जनता को इसके विकास और सांस्कृतिक धरोहर के प्रति प्रेरित करेगा। हम सभी मीडिया प्रतिनिधियों को इस आयोजन को कवर करने और उत्तर प्रदेश की इस गौरवशाली परंपरा का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित करते हैं।

# टीबी मरीजों को बीच में दवा छोड़ना खतरनाक, 16 क्षय रोगियों को लिया गोद

**वेलकम इंडिया**



**गाजियाबाद।** वर्ष 2025 में भारत को टीबी मुक्त करने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की घोषणा को सफल बनाने के लिए हर कोई आगे बढ़कर अपना योगदान दे रहा है। इसके साथ ही निक्षय मित्रों को एक-एक टीबी रोगी को गोद लेकर उसका नियमित इलाज कराने के साथ पोषण सामग्री मुहैया कराने की अपील की और टीबी मुक्त अभियान की शपथ दिलाई गई। बुधवार को प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत जिलाधिकारी के मार्गदर्शन में रेडक्रॉस सोसायटी के सदस्य डॉ दिनेश बालिगा और उनके परिजनों द्वारा 16 क्षय रोगियों को भावनात्मक एवं सामाजिक सहयोग के लिए पोषण पोटली प्रदान कर अगले 6 माह तक के लिए गोद लिया गया। इस अवसर पर रेडक्रास सोसाइटी के सभापति सुभाष गुप्ता ने इस पुनीत कार्य में सहभागिता के लिए डॉ दिनेश बालिगा की प्रशंसा करते हुए कहा कि हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि डॉ बालिगा को सदैव स्वस्थ्य रखे। क्षय रोग (टीबी) की दवा बीच में छोड ?ा खतरनाक है। पूरा कोर्स करना जरूरी है, तभी टीबी से मुक्ति मिल सकती है। दवा शुरू होने के एक माह बाद ही रोगी स्वस्थ महसूस करने लगते हैं। ऐसे में कई रोगी दवा छोड़ देते हैं। बीच में दवा छोड ? से वे ड्रग रेसिस्टेंट टीबी के शिकार बन जाते हैं, जिनका उपचार मुश्किल हो जाता है। टीबी रोगी सरकारी अस्पताल की निशुल्क उपचार की सुविधा का लाभ उठाएं।

# केंद्र से मिलने वाले 100 करोड़ से नगर निगम गाजियाबाद शहर का बदलेगा कायाकल्प

**वेलकम इंडिया**



**इंद्रेश शर्मा, गाजियाबाद।** गाजियाबाद में हर दिन लगभग डेढ़ हजार मीट्रिक टन कूड़ा निकलता है, जिससे कूड़ा निस्तारण की चुनौती बनी हुई है। निगम के पास पर्याप्त डंपिंग ग्राउंड की कमी है, जिसके कारण कूड़ा सड़क किनारे पड़ा रहता है।

केंद्र सरकार ने गाजियाबाद के लिए 100 करोड़ रुपए का बजट मंजूर कर लिया है। इन पैसों को नगर निगम गाजियाबाद में अलग-अलग कामों पर खर्च करेंगे। इसका पूरा प्लान भी तैयार कर लिया गया है। इसकी मंजूरी के बाद ही नगर निगम अधिकारियों ने सुव्यवस्थित खर्च करने की योजना तैयार कर ली है। इसमें से 60 करोड़ रुपये कूड़ा निस्तारण और सफाई व्यवस्था पर खर्च किए जाएंगे, जबकि शेष 40 करोड़ रुपये से हरित पट्टियां विकसित की जाएंगी और अन्य कार्य किए जाएंगे। यह बजट ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए मंजूर किया गया है और जल्द ही पैसे जारी कर दिए जाएंगे। गाज़ियाबाद की प्रमुख समस्याओं में से एक है कूड़े का निस्तारण। जिसके लिए इस बार गाज़ियाबाद नगर निगम ने केंद्र सरकार से मिले पैसे से बेहतर व्यवस्था की योजना बनाई है। गाजियाबाद में हर दिन लगभग डेढ़ हजार मीट्रिक टन कूड़ा निकलता है, जिससे कूड़ा निस्तारण की चुनौती बनी हुई है। निगम के पास पर्याप्त डंपिंग ग्राउंड की कमी है, जिसके कारण कूड़ा सड़क किनारे पड़ा रहता है। इस बजट के तहत कूड़ा निस्तारण और सफाई कार्यों को बेहतर बनाने की योजना है, जिससे शहरवासियों को राहत मिलेगी।

## जीडीए में लापरवाही करने वाले कर्मचारियों पर होगी सख्ती

**गाजियाबाद।** जीडीए में लापरवाही करने वाले कर्मचारियों पर अब सख्ती होगी। सभी अनुभार्गों के प्रभारी अधिकारी अपने कर्मचारियों के छुट्टियों का हिसाब रखेंगे, ताकि यह ज्ञात रहे कि कर्मचारी कितने आकस्मिक अवकाश ले रहे हैं। नए साल के पहले महीने में 40 से अधिक कर्मचारी ने अवकाश के लिए प्रार्थना पत्र दे चुके हैं। सभी प्रार्थना पत्र जीडीए सचिव कार्यालय में एकत्रित हो रहे हैं। इसमें यह पता नहीं चल पा रहा कि कर्मचारी कितनी छुट्टियां ले रहा। साथ ही, कई बार महत्वपूर्ण बैठक या रिपोर्ट तैयार करने वाले दिन कर्मचारी छुट्टी ले लेते हैं। इसकी सूचना प्रभारी तक को नहीं होती है। इसको देखते हुए जीडीए सचिव राजेश कुमार सिंह ने निर्देश दिए हैं कि आकस्मिक अवकाश की रिपोर्ट प्रभारी अधिकारी को तैयार कर अपने कार्यालय रखनी होगी। साथ ही, उक्त कर्मी का स्थानांतरण दूसरे अनुभाग में होने पर उसकी रिपोर्ट भी अनुभाग प्रभारी को सौंपनी होगी, ताकि यह पता रहे कि कोई कर्मचारी लापरवाही तो नहीं कर रहा। वहीं, उच्चाधिकारियों और प्रभारियों के अवकाश की सूचना व रिकार्ड प्रशासन अनुभाग में रखा जाएगा।

## चोरी के वाहन समेत तीन चोर गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** चोरी के वाहनों के साथ अलग-अलग स्थानों ने तीन आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं। थाना लोनी बॉर्डर पुलिस ने अमन गार्डन निवासी रिहान और मोहम्मद सोनू को गिरफ्तार किया है। इनसे एक बाइक मिली है, जो दिल्ली से चोरी की गई है। थाना ट्रॉनिका सिटी पुलिस ने पूजा कॉलोनी निवासी साहिल खान उर्फ इसराइल को गिरफ्तार किया, जिसके पास से ट्रॉनिका सिटी क्षेत्र से चोरी की गई बाइक मिली है। पुलिस आरोपियों का आपराधिक इतिहास खंगाल रही है।

## व्यापारियों के उत्पीड ? के खिलाफ शहर विधायक को सौंपा ज्ञापन

**गाजियाबाद।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल का प्रतिनिधिमंडल बुधवार को शहर विधायक से मिला। साथ ही व्यापारियों की समस्याएं दूर कराने की मांग उठाते हुए मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन शहर विधायक संजीव शर्मा को सौंपा। व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष संदीप बंसल ने मांग उठाई कि प्रदेश के लगभग 40 लाख पंजीकृत व्यापारी है। ऐसे में व्यापारियों से चुनकर छह क्षेत्रों (अवध, काशी, ब्रज, गोरक्ष, कानपुर-बुंदेलखंड, पश्चिमी उत्तर प्रदेश) से विधान परिषद के छह सदस्य चयनित किए जाने चाहिए। प्रदेश सरकार ने 29 जून को व्यापारी कल्याण दिवस घोषित किए है। ऐसे में उक्त दिवस पर समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यापारियों को सम्मानित किया जाए। जीएसटी के अंतर्गत व्यापारियों को अनावश्यक नोटिस जारी न किए जाए। साथ ही अवैध टोल वसूली भी बंद की जाए। व्यापारियों को स्वास्थ्य बीमा योजना के अंतर्गत लाते हुए आयुष्मान भारत योजना का लाभ प्रदान किया जाए। व्यापारियों की दुकान क्षतिग्रस्त या आग लगने की स्थिति में मुख्यमंत्री सहायता कोष से आर्थिक राहत प्रदान की जाए। वहीं, व्यापारी द्वारा यूपीआई के माध्यम से प्राप्त भुगतानों पर ईडी या बैंकों द्वारा खाते सील न किए जाएं। इस दौरान कई व्यापारी मौजूद रहे।

# गाजियाबाद में गोकशी करने वाले 3 बदमाश , टीला मोड पुलिस के साथ मुठभेड़ में घायल गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया**



**इंद्रेश शर्मा, गाजियाबाद।** गाजियाबाद पुलिस ने मंगलवार देर रात एनकाउंटर में 3 गोतस्करों के पैर में गोली मारी। ट्रांस हिंडन जोन में थाना पुलिस और स्वाट टीम ने जब घेराबंदी की तो बदमाश फायरिंग करने लगे। जवाबी फायरिंग में तीनों के पैर में गोली लगी है। पुलिस ने रात में घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है। पूछताछ में बताया यह तीनों रात में गोकशी करने जा रहे थे, पूर्व की घटना में भी फरार चल रहे थे। तीनों के खिलाफ पुलिस की तरफ से एक और मुकदमा दर्ज किया गया है। टीलामोड़ पुलिस व ट्रांस हिंडन, स्वाट टीम संयुक्त रूप से पुलिस टीम फरुखनगर से दबिश देकर आ रही थी। पुलिस को सूचना मिली की एक ट्रक एयरपोर्ट बाउंड्री की तरफ जंगल में खड़ा है। जिसमें कुछ लोग रात्रि में गाय चोरीकर ले जाने की फिराक में हैं। पुलिस ने ट्रक के पास पहुंचकर तो देखा कि 3 - 4 व्यक्ति जंगल में बैठी गायों को बांधने का प्रयास कर रहे हैं। पुलिस द्वारा टोकने पर बदमाशों द्वारा पुलिस को निशाना बनाते हुए जान से मारने की नियत से फायर कर दिया गया। जिसके बाद चारों बदमाश भागने लगे। इस बीच भागते समय 3 बदमाशों को अरेस्ट कर लिया। मेरठ का परवेज गाजियाबाद में कर रहा गोकशी। पुलिस ने बताया कि घायल बदमाश ने अपना नाम परवेज पुत्र रफीकुद्दीन निवासी लक्खीपुरा थाना लिसाड़ीगेट जिला मेरठ बताया। परवेज मेरठ व गाजियाबाद में लगातार गोकशी करता रहा है। जिसने 30 दिसंबर की रात अपने साथियों के साथ मिलकर काका फार्म हाउस के पीछे गोकशी की घटना को अंजाम दिया था।

## बोर्ड बैठक बुलाने की मांग को लेकर सभासदों ने किया हंगामा

**गाजियाबाद।** बोर्ड बैठक बुलाने की मांग को लेकर सभासदों ने बुधवार को नगर पालिका परिषद के कार्यालय पर हंगामा किया। उनका कहना है कि बिना सभासदों की अनुमति के हाउस टैक्स नहीं बढ ? दिया जाएगा। उन्होंने एक ज्ञापन अधिशासी अधिकारी को सौंपा है। नगर पालिका परिषद मुरादनगर के कार्यालय में पहुंचे सभासदों ने नारेबाजी भी की। उनका आरोप है कि बीते साल 16 जुलाई को बोर्ड बैठक बुलाई गई थी। इसके बाद से कोई बैठक नहीं हुई। सभासदों की मांग है कि जल्द बोर्ड बैठक बुलाई जाए, ताकि गृहकर की बढ़ोतरी के लिए निकाली गई अधिसूचना पर चर्चा हो सके। उनका कहना है कि किसी भी कीमत पर इतना हाउस टैक्स नहीं बढे दिया जाएगा। इस मौके पर शैलेन्द्र चौधरी, प्रीति गोस्वामी, सोनू त्यागी, मुसरत, कमालुद्दीन सहित अन्य सभासद मौजूद थे। अधिशासी अधिकारी ने जल्द बोर्ड बैठक बुलाने का आश्वासन दिया है।

# विद्युत निगम ने की 12 हजार बड़े बकायेदारों पर कार्रवाई की तैयारी

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** बकायेदारों से राजस्व की वसूली नहीं होने से विद्युत निगम के अधिकारियों को मुख्यालय की कार्रवाई का डर लगातार बढ़ रहा है। अधिकारियों ने खुद को बचाने के लिए 12 हजार बड़े बकायेदारों पर कार्रवाई की तैयारी कर ली है।

वहीं, 50 हजार से अधिक के इन बकायेदारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने के साथ ही संपत्ति कुर्क कर राजस्व की वसूली की जाएगी। निगम ने अब तक 325 का स्थायी रूप से कनेक्शन काटते हुए सेक्शन 138बी के तहत मुकदमा दर्ज करा दिया है। जिले में विद्युत निगम के तीनों जोन में वर्तमान में करीब 2.48 लाख बकाएदार हैं। इनमें से 50 हजार से अधिक के 12142 बकाएदार हैं। इन बकायेदारों पर कुल बकाए का करीब 80 प्रतिशत बकाया है। नोटिस के बाद भी बकाया जमा नहीं होने पर निगम ने इनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की तैयारी कर ली है। स्थायी कनेक्शन काटने के साथ ही बकायेदारों पर वसुंधरा सेक्टर आठ के विजिलेंस थाने में मुकदमे दर्ज कराए जा रहे हैं। इसके बाद शमन भेजकर बकाया जमा करने का समय दिया जाएगा। फिर भी बकाया जमा नहीं करने पर सभी अधिशासी अभियंता धारा-पांच के अंतर्गत रिकवरी चालान (आरसी) कुर्की का नोटिस जारी करेंगे। जिलाधिकारी अपर जिलाधिकारी (भू एवं राजस्व) को आदेश जारी करेंगे। इसके बाद तहसील प्रशासन कुर्की की कार्रवाई करते हुए भू-राजस्व के रूप में वसूली करेगा। दरअसल उम्मीद के अनुसार बकाया नहीं आने से पश्चिमांचल विद्युत निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक द्वारा अधिकारियों को कार्रवाई की चेतावनी देते हुए लगातार फटकार लगाई जा रही है। विद्युत निगम का अभी ढ़ाई लाख बकायेदारों पर करीब 350 करोड़ बकाया है।

# केंद्र सरकार से गाजियाबाद निगम को मिले 100 करोड़, बदलेगा शहर का हाल

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** केंद्र सरकार ने गाजियाबाद के लिए 100 करोड़ रुपए का बजट मंजूर कर लिया है। इन पैसों को नगर निगम गाजियाबाद में अलग-अलग कामों पर खर्च करेंगे।

इसका पूरा प्लान भी तैयार कर लिया गया है। इसकी मंजूरी के बाद ही नगर निगम अधिकारियों ने सुव्यवस्थित खर्च करने की योजना तैयार कर ली है। इसमें से 60 करोड़ रुपये कूड़ा निस्तारण और सफाई व्यवस्था पर खर्च किए जाएंगे, जबकि शेष 40 करोड़ रुपये से हरित पट्टियां विकसित की जाएंगी और अन्य कार्य किए जाएंगे। यह बजट ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए मंजूर किया गया है और जल्द ही पैसे जारी कर दिए जाएंगे। गजियाबाद की प्रमुख समस्याओं में से एक है कूड़े का निस्तारण, जिसके लिए इस बार गाजियाबाद नगर निगम ने केंद्र सरकार से मिले पैसे से बेहतर व्यवस्था की योजना बनाई है।

# देह व्यापार करने वालों के लिए काल बनी गाजियाबाद कौशांबी पुलिस , रेस्क्यू में 7 महिलाओं को बचाया , 9 गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया**



**इंद्रेश शर्मा, गाजियाबाद।** गाजियाबाद की कौशांबी पुलिस ने एक होटल में चल रहे देह व्यापार का भंडाफोड़ किया है। देह व्यापार करने वालों का काल बन चुकी है है गाजियाबाद की कौशांबी पुलिस। ये हम यू ही नहीं कह रहे। बीते कुछ दिनों से कई रेस्क्यू कर कई मासूम महिलाओं और युवतियों को पुलिस द्वारा बचाते हुए होटल संचालिका महिला अभियुक्ता समेत कई पुरुष होटल संचालकों को गिरफ्तार कौशांबी पुलिस द्वारा किया गया है। गाजियाबाद जिले के कौशांबी थानाक्षेत्र स्थित आयुष होटल में चल रहे देह व्यापार के धंधे का पुलिस ने भांडाफोड़ किया। पुलिस के मौके पर पहुंचते ही भगदड़ मच गई। पुलिस ने होटल से आपत्तिजनक सामान बरामद किया। एक 60 वर्षीय बुजुर्ग और होटल संचालक समेत पुलिस ने 9 लोगों को गिरफ्तार किया है। अच्छी आमदनी का लालच देकर फंसाई गई महिलाओं को पुलिस ने रेस्क्यू कर उनके घर भेज दिया। पुलिस के अनुसार, होटल प्रबंधक, सागर सिंह नेगी (निवासी पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखंड) और निशा (निवासी त्रिलोकपुरी, दिल्ली), महिलाओं को बेहतर आमदनी वाली नौकरी का झांसा देकर होटल में बुलाते थे और उन्हें देह व्यापार के धंधे में धकेलते थे। पुलिस ने होटल में छापा मारने पर कमरों में महिला-पुरुषों को आपत्तिजनक स्थिति में पाया। मौके से पुलिस ने आपत्तिजनक सामग्री, ऑनलाइन ट्रांजेक्शन ऐप का स्कैनर और होटल रजिस्टर बरामद किया। इसके अलावा, एक 60 वर्षीय बुजुर्ग और होटल संचालक समेत कुल 7 लोगों को गिरफ्तार किया गया।

## ग्रेनो प्राधिकरण सीईओ साहब का प्रयास

# बोर्ड में पास होते ही शाहबेरी से लेकर गाजियाबाद क्रॉसिंग तक जल्द ही बनेगा एलिवेटेड

**वेलकम इंडिया**




**इंद्रेश शर्मा, गौतमबुद्धनगर।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सेक्टर-4 शाहबेरी गांव के पास से गाजियाबाद के क्रॉसिंग रिपब्लिक तक प्रस्तावित एलिवेटेड रोड की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने का कार्य अब प्रारंभ हो गया है। केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान (सीआरआरआई) की टीम ने पहले ही स्थलीय निरीक्षण और परियोजना से संबंधित अध्ययन कर लिया है। इस परियोजना से जाम की समस्या का स्थायी समाधान होने की उम्मीद है। ग्रेटर नोएडा वेस्ट के शाहबेरी से क्रॉसिंग रिपब्लिक की ओर जाने वाली सड़क पर ट्रैफिक का दबाव काफी बढ़ गया है, जिससे अक्सर लंबा जाम लग जाता है। इस समस्या के समाधान के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने एलिवेटेड रोड के निर्माण का निर्णय लिया है। यह परियोजना स्थानीय निवासियों के लिए राहत प्रदान करेगी। सीआरआरआई ने ट्रैफिक का सर्वेक्षण कर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है, जिसके लिए 19 लाख रुपये का भुगतान किया गया है। सीआरआरआई ने शाहबेरी गांव के पास से एलिवेटेड रोड के दो डिजाइन का सुझाव दिया है। डीपीआर तैयार होने के बाद, परियोजना की लागत, सटीक लंबाई और निर्माण कार्य की समय सीमा का पता चलेगा। इसे प्राधिकरण की बोर्ड बैठक में रखा जाएगा और मंजूरी मिलने के बाद शासन को भेजा जाएगा। इसके बाद निर्माण के लिए एक एजेंसी को नियुक्त कर कार्य शुरू किया जाएगा।

# आईटीएस डेंटल कॉलेज में मनाया गया प्रोस्थोडॉन्टिस्ट दिवस



**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** दिल्ली मेरठ रोड़ स्थित आईटीएस डेंटल कॉलेज, मुरादनगर के प्रोस्थोडोंटिक्स विभाग ने बुधवार को प्रोस्थोडॉन्टिस्ट दिवस मनाया। इंडियन प्रोस्थोडॉन्टिक सोसाइटी द्वारा समाज में प्रोस्थोडोंटिक्स की विशेषताओं के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए हर साल 22 जनवरी को प्रोस्थोडोंटिक्स दिवस के रूप में मनाया जाता है। कार्यक्रम की शुरूआत में डॉ विभा शेट्टी, प्रोफेसर, प्रोस्थोडोंटिक्स विभाग, फैकल्टी ऑफ डेंटल सांइसेज, रामाइया विश्वविद्यालय ऑफ एप्लाइड साइंसेज, बैंगलोर द्वारा इम्प्लांट में प्रोस्थोडॉटिंक के उपचार के विकल्पों पर एक वेबिनार प्रस्तुत किया गया, जिसमें संस्थान के बीडीएस एवं एमडीएस के विद्यार्थियों के साथ दंत चिकित्सकों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान संस्थान के बीडीएस एवं एमडीएस के विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गयी जिसमे बेस्ट ऑफ डेन्टल मटेरियल्स, रंगोली प्रतियोगिता और कास्ट पेंटिंग प्रतियोगिताएं शामिल थी। इसके साथ ही विभाग द्वारा मरीजों के लिय जागरूकता स्वास्थ्य वार्ता आयोजित की गयी।